


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 1 मई 2026 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष -42 ■ अंक-033 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 2 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## आम जनता से शालीनता से पेश आएं अधिकारी

### लोगों की सुनें, लोगों को सुनाएं नहीं - मुख्यमंत्री का अधिकारियों को दो टूक निर्देश

रायपुर, 1 मई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रशासनिक व्यवस्था को जनकेंद्रित और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से शासकीय अधिकारियों को स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए हैं कि वे आमजन के साथ शालीनता, धैर्य और सम्मान के साथ व्यवहार करें। उन्होंने दो टूक कहा कि मुख्यालय और फील्ड स्तर पर शासकीय अधिकारी ही शासन का चेहरा होते हैं, इसलिए उनका आचरण शासन की छवि को प्रभावित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को सुनना प्रशासनिक अधिकारियों का पहला कर्तव्य है। उन्होंने अधिकारियों को आगाह किया कि वे जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और समाधान पर केंद्रित रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि संवाद तभी सार्थक है, जब उसमें संवेदना और समस्याओं का समाधान करने की नीयत हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागों में जनसमस्याओं के निराकरण को प्रभावी, सरल और भरोसेमंद बनाया जाए। जब कोई आम नागरिक किसी शासकीय कार्यालय पहुंचे, तो उसे यह महसूस होना चाहिए कि उसकी बात सुनी जा रही है और उसके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सकारात्मक अनुभव ही जनता के मन में विश्वास पैदा करता है।ुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि योजनाओं की सफलता केवल आंकड़ों से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर लोगों के अनुभव से मापी जाती है। इसलिए अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहें, लोगों से सीधे संवाद करें और उनकी वास्तविक जरूरतों के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता और तत्परता ही प्रशासन की असली ताकत है। उन्होंने अधिकारियों से पारदर्शिता और जवाबदेही को अपने कार्य का मूल आधार बनाने की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का विश्वास सबसे बड़ी पूंजी है, जिसे बनाए रखने के लिए ईमानदारी के साथ-साथ व्यवहार में शालीनता और विनम्रता भी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सुशासन केवल नीतियों से नहीं, बल्कि व्यवहार से स्थापित होता है। यदि अधिकारी जनता के साथ सरल, सहज, सहयोगात्मक और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण का तरीका हर समय अपनाते हैं, तो प्रशासन स्वयमेव अधिक प्रभावी हो जाता है और शिकायतों की संख्या स्वतः कम होने लगती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का सपना तभी साकार होगा, जब प्रशासन हर नागरिक के लिए सुलभ, संवेदनशील और सम्मानजनक बने। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे इस भावना को अपने कार्य का मूल मंत्र बनाकर आगे बढ़ें और हर व्यक्ति को यह अहसास दिलाएं कि सरकार उसके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट किया कि सुशासन तिहार के दौरान वे स्वयं विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण करेंगे और अधिकारियों के कार्य के साथ-साथ उनके व्यवहार पक्ष का भी अवलोकन करेंगे।



### मुख्यमंत्री ने विस अध्यक्ष के प्रति जताया आभार

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा है कि मातृशक्ति उनके लिए केवल सम्मान का विषय नहीं, बल्कि सृजन, संस्कार और सामर्थ्य की आधारशिला है। इसी भावना के साथ छत्तीसगढ़ विधानसभा में महिलाओं के समग्र विकास और सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर एक दिवसीय विशेष सत्र का आयोजन किया गया.

## सूटकेस में गौमांस के साथ पकड़ाई महिलाएं

**बिलासपुर,1 मई।** पुलिस ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन से सूटकेश में गौमांस ले जा रही दो महिलाओं को पकड़ा है. दोनों महिलाएं रायपुर की ओर से बिलासपुर पहुंची थीं और अपने साथ सूटकेश में लगभग 10 किलो से अधिक गौमांस भरकर ला रही थीं. पुलिस को सूचना मिली थी, कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन में दो महिलाएं गौमांस लेकर पहुंची है, पुलिस ने चेकिंग की, तो संदेह हुआ, जिसके बाद सूटकेश की तलाशी ली गई. तलाशी में गौमांस मिलने पर दोनों महिलाओं को तत्काल हिरासत में ले लिया गया. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने सूटकेश में गौमांस होने की बात स्वीकार कर ली है. जानकारी मिलते ही कुछ गौसेवक भी थाने के बाहर एकत्रित हो गए, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई. तोरवा थाना पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरु कर दी है. पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गौमांस कहां से लाया गया था और इसका उद्देश्य क्या था. जानकारी के मुताबिक दोनों महिलाएं शहर के मगरपारा इलाके की रहने वाली है और पूछताछ के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि इस गौमांश के पीछे कोई सिंडिकेट काम कर रहा है या फिर वजह कुछ और है. फिलहाल तोरवा पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच में जुटी है.



## बोरे-बासी के निवाले पर तकरार

**रायपुर,1 मई।** छत्तीसगढ़ में गर्मी बढ़ते ही 'बोरे-बासी' की डिमांड बढ़ जाती है, लेकिन इस बार गर्मी से ज्यादा तपिश राजनीति में देखने को मिली। मजदूर दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेताओं ने जब सोशल मीडिया पर बोरे-बासी खाते हुए तस्वीरें साझा कीं, तो लगा कि मानो पूरा विपक्ष 'छत्तीसगढ़िया रंग' में रंग गया है। लेकिन, सत्ता के गलियारों से ऐसी 'मिर्ची' लगी कि मामला पूरी तरह गरमा गया।

**"हम तो खाते ही हैं, ये दिखा रहे हैं" मुख्यमंत्री साय**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस 'भोज' पर मज़े लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में बोरे-बासी कोई इवेंट नहीं, बल्कि जीवनशैली है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा "छत्तीसगढ़ में बोरे-बासी तिहार मनाने की ज़रूरत ही नहीं है। यहाँ तो सुबह का नाश्ता हो या दोपहर का खाना, सब बोरे-बासी ही खाते हैं। अब कांग्रेस के लोग खुद को ज़्यादा 'छत्तीसगढ़िया' साबित करने के चक्कर में ये सब कर रहे हैं।"

**मलाई खाने वालों को बासी कहाँ पचेगी? - राम विचार नेताम-** मामले में असली तड़का लगाया कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने। उन्होंने कांग्रेस नेताओं के इस 'बासी प्रेम' को शुद्ध दिखावा करार दिया। नेताम ने मुस्कुराते हुए कहा "ये



सब दिखावा है! जो लोग सालों से मलाई खाते आए हैं, वो भला बोरे-बासी क्या खाएंगे? बोरे-बासी तो हम जैसे ज़मीन से जुड़े लोग खाते हैं। ये तो बस फोटो खिंचवाने का बहाना है।"

**सोशल मीडिया पर छिड़ी 'नमक-मिर्च' की जंग**-जैसे ही मंत्रियों के बयान आए, सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई। जनता भी मज़े लेने में पीछे नहीं रही यूज़र कह रहे है कि"लगता है बासी के साथ गोंदली (प्याज) कम और राजनीति ज़्यादा कड़वी हो गई है।" एक दूसरे यूजर का कमेंट है कि "मलाई और बासी का कॉम्बिनेशन पहली बार सुना है, मंत्री जी ने तो खेल ही कर दिया!"

**पेट भरा या नहीं, वोट बैंक ज़रूर भरा!**-कुल मिलाकर, मजदूर दिवस पर मज़दूरों की चर्चा कम और 'बोरे-बासी' के कटोरे की चर्चा ज़्यादा रही। कांग्रेस इसे अपनी संस्कृति का सम्मान बता रही है, तो भाजपा इसे 'चुनावी डाइट'। अब देखना ये है कि जनता को किसका स्वाद पसंद आता है—कांग्रेस की 'दिखावे वाली बासी' या भाजपा का 'देसी अंदाज़'।

## आईएएस की पत्नी लिफ्ट में फंसी

**रायपुर,1 मई।** राजधानी के कमर्शियल बिल्डिंग्स में लगे लिफ्ट में सुरक्षा के इंतेजाम पर अब गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. करेंसी टॉवर की लिफ्ट में आईएएस ऋचा शर्मा के फंसने के बाद अब गुरुवार को फाफाडीह स्थित पिथालिया में एक आईएएस अधिकारी की पत्नी लिफ्ट में फंस गई. मौके पर हड़कंप मच गया. घटना लगभग सुबह 8 बजे के करीब की बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक, आईएएस अधिकारी सिद्धार्थ कोमल परदेशी की पत्नी गार्गी परदेशी सुबह पिथालिया कॉम्प्लेक्स स्थित जिम में लिफ्ट से जा रही थी. इस बीच अचानक लिफ्ट खराब हो गई. बताया जा रहा है कि लिफ्ट में फंसे रहने से वे घबरा गईं. इसके बाद परिवार और निगम अफसरों को सूचना मिली. नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की सूचना नगर निगम के अधिकारियों को मिली थी और तत्काल जोन क्रमांक-2 की टीम मौके पर भेजी गई. वहीं मुख्य विद्युत निरीक्षक सुरेश कुमार नेताम का कहना है कि आईएएस की पत्नी के फंसने की घटना की जानकारी उन्हें नहीं है, लेकिन ऐसी कोई घटना हुई तो विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर संबंधित कॉम्प्लेक्स की लिफ्ट के संचालन व सुरक्षा मानकों की जांच करने के निर्देश दिए जाएंगे.




# रिसाली नगर निगम को कबाड़ की नीलामी से मिले 12 लाख रुपये

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली,1 मई।** उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के निर्देश के बाद रिसाली नगर निगम ने कार्यालय को कबाड़ मुक्त करने की दिशा में बड़ी कार्रवाई की है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा की पहल पर निगम कार्यालय में वर्षों से जमा अनुपयोगी सामानों की ऑनलाइन नीलामी कराई गई, जिससे निगम को 12 लाख रुपये की आय हुई है। उल्लेखनीय है कि 20 अप्रैल को आयोजित समीक्षा बैठक में नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने सभी निकायों को कार्यालयों में रखी अनुपयोगी वस्तुओं को हटाने और विधिवत प्रक्रिया के तहत कबाड़ नीलाम करने के निर्देश दिए थे। निर्देश मिलते ही रिसाली निगम प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर पड़े कबाड़ को सूचीबद्ध कर नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ की। आयुक्त मोनिका वर्मा ने ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया की जिम्मेदारी राजस्व विभाग एवं टैक्स प्रभारी रवि श्रीवास्तव को सौंपी थी। इसके बाद सभी औपचारिकताएं पूरी कर कबाड़ की ऑनलाइन नीलामी कराई गई। बताया गया कि निगम गठन के बाद यह पहला अवसर है जब कबाड़ नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गई है। करीब पांच वर्षों से कार्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के अनुपयोगी सामान जमा थे। इनमें पुराने अखबार, खराब विद्युत उपकरण, ई-वेस्ट, जल विभाग के जंग लगे पाइप, टूटे-फूटे सिंटेक्स टैंक सहित 20 से अधिक प्रकार के कबाड़ शामिल थे। कबाड़ नीलामी के लिए निगम ने एमएसटीसी (मेटल स्क्रैप ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन) को सामानों की सूची भेजकर प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इसके आधार पर ऑनलाइन निविदा जारी की गई, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के 10 कबाड़ व्यापारियों ने भाग लिया। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित व्यापारी ने निर्धारित राशि का 10 प्रतिशत अग्रिम जमा कराया तथा गुरुवार को शेष राशि जमा कर औपचारिकताएं पूरी कीं।

# चौहान टाउन में लगी आग पर अग्निशमन विभाग ने पाया काबू, बड़ा हादसा टला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 1 मई ।** चौहान टाउन के डी-2 ब्लॉक स्थित एक फ्लैट में आग लगने की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बीएसपी के अग्निशमन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, बुधवार 29 अप्रैल को शाम करीब 7-25 बजे प्रथम तल स्थित फ्लैट में आग लग गई। घटना की सूचना वहां रहने वाले एक संयंत्र कर्मी ने तत्काल बीएसपी अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन अधिकारी विशेष राठी के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड दल मौके पर पहुंचा। टीम में फायरमैन एस.के. मीना, संजीव कुमार और संतोष साहू शामिल थे। दल ने तत्परता और कुशलता से आग पर नियंत्रण स्थापित किया।अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय धवस ने बताया कि संबंधित फ्लैट का उपयोग स्टोर रूम के रूप में किया जा रहा था, जहां कॉस्मेटिक सामग्री, कार्डबोर्ड, कुशन, पैकेजिंग सामग्री, बैटरी एवं अन्य ज्वलनशील वस्तुएं रखी गई थीं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि गर्मी के मौसम में शॉर्ट सर्किट की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए प्रमाणित गुणवत्ता के विद्युत तारों का उपयोग करें और ओवरलोडिंग से बचें। साथ ही आवासीय क्षेत्रों में अत्यधिक ज्वलनशील सामग्री के भंडारण से परहेज करने की सलाह दी।

## एक नजर

### पुलिस ने गांजा सहित युवक को पकड़ा



**भिलाई, 1 मई (तछसं.)।** भिलाई खुर्सीपार थाने पुलिस ने शराब भट्ठी के खंडहर मकान में गांजा तस्कर को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से कुल 03.200 किलोग्राम गांजा जब्त किया जिसकी कीमती लगभग 1,60,000 रुपए बतायी गई है खुर्सीपार टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना खुर्सीपार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि देवार बस्ती स्थित पुराने शराब भट्ठी के खंडहर मकान के पास एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री के लिए ग्राहक की प्रतीक्षा कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया पूछताछ करने पर अपना नाम हीरा सिंह (18 साल ) निवासी खुर्सीपार बोल बम चौक, कैनाल रोड खुर्सीपार बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक झिल्ली में अलग-अलग पैकेटों में रखा कुल 03.200 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

### अज्ञात बुजुर्ग का शव मिला

**भिलाई, 1 मई (तछसं.)।** भिलाई अंजोरा चौकी क्षेत्र के एक अज्ञात बुजुर्ग का शव पुलिस को मिला है अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है अंजोरा पुलिस ने बताया कि 29 अप्रैल की शाम को संतोष कुमार सारथी निवासी अंजोरा आबादी पारा ने चौकी अंजोरा में रिपोर्ट दर्ज कराई की ग्राम अंजोरा के शीतला पारा तलाब के नीचे सुखदेव यादव के खेत में लगभग ( 65 साल ) अज्ञात पुरुष का शव पड़ा हुआ है मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा किया है और मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतक सामान्य कद काठी का है। उसके बाल और दाढ़ी बड़ी हुई है, चेहरा गोल है, उसने काला चैक दार फुल शर्ट और मटमैला भूरा फुल पैंट पहना हुआ है। जब मृतक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तब पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति इस बुजुर्ग को पहचानता या उसके बारे में कोई जानकारी रखता हो तो चौकी अंजोरा पुलिस से संपर्क करें ।

### अवैध रूप से शराब बेच रहा युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 1 मई (तछसं.)।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र के अवैध रूप से शराब बेच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 29 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई है मामले में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नहर किनारे ग्राहक तलाश कर अवैध शराब बिक्री कर रहा है सूचना पर उतई पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिया के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया तलाशी के दौरान आरोपी के पास मौजूद थैले से 29 पौवा देशी मसाला शराब, कुल 5.2 बल्क लीटर बरामद की गई जब्त शराब की कीमत करीब 2900 रुपए बताई गई है उतई थाना पुलिस ने आरोपी शत्रोहन यादव (41 साल ) निवासी ग्राम सेलूद, को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है ।

### पेंशन कार्ड बनाने के नाम पर लाखों की ठगी

**भिलाई, 1 मई (तछसं.)।** भिलाई शहर में ऑनलाइन ठगी का एक और मामला सामने आया है, जहां पेंशन कार्ड बनाने के नाम पर ठगों ने सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी को निशाना बनाकर करीब 8.90 लाख रुपए निकाल लिए मामले में स्मृतिनगर पुलिस चौकी ने धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है स्टील कॉलोनी कातुलबोर्ड निवासी ( 83 साल ) विजय भार्गव ने शिकायत में बताया कि उन्होंने वर्ष 2017 में अवधपुरी, रिसाली स्थित अपनी जमीन बेचकर प्राप्त रकम को अपनी पत्नी रेखा भार्गव के साथ संयुक्त खाते में इंडसइंड बैंक, नेहरू नगर शाखा में एफडी के रूप में जमा किया था। 27 अप्रैल 2026 की शाम करीब 4-30 बजे उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आया कॉल करने वाले ने खुद को बैंक से जुड़ा बताकर पेंशन कार्ड बनाने की बात कही और इसके लिए बैंक खाता, आधार कार्ड और डेबिट कार्ड की जानकारी मांगी। इसके बाद व्हाट्सएप के जरिए इंडसइंड बैंक पेंशन कार्ड का एक एपीके फाइल भेजा गया अनजान व्यक्ति को निजी व बैंक डिटेल देना पड़ गया ।

# जामुल पालिका की पीआईसी बैठक में ढाई करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल,1 मई।** नगर पालिका परिषद जामुल में शुक्रवार को पीआईसी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों के लिए दो करोड़ 50 लाख रुपये से अधिक राशि के कार्यों की निविदा दरों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि 15वें वित्त आयोग की राशि से पालिका क्षेत्र में 48 लाख रुपये की लागत से बीटी रोड, वायु गुणवत्ता सुधार हेतु पेवर ब्लॉक तथा एफएसटीपी प्लांट का निर्माण कराया जाएगा। वहीं राज्य प्रवर्तित योजना के तहत मुक्तिधाम उन्नयन एवं चार तालाबों में महतारी घाट निर्माण पर लगभग 45 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जामुल में लगभग 4.30 लाख रुपये की लागत से जीवीपी प्वाइंट का निर्माण होगा। इसके अलावा सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु 15 लाख रुपये, पुष्पवाटिका के लिए 24 लाख रुपये तथा भू-जल संवर्धन कार्यों के लिए 19 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। पालिका क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं पानी, बिजली और सफाई व्यवस्था के लिए 57 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं नहर किनारे ब्रिक लाइनिंग कार्य हेतु 18 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। बैठक में वर्ष 2026-27 के बजट का भी अनुमोदन किया गया। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष निधि से महाविद्यालय में कुर्सी-टेबल उपलब्ध कराने, गौधाम निर्माण, सफाई व्यवस्था के लिए अतिरिक्त श्रमिकों की नियुक्ति, सामाजिक एवं राष्ट्रीय सहायता तथा पालिका कर्मचारियों के अवकाश संबंधी प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। बैठक में सभापति अहिल्या वर्मा, खम्भन ठाकुर, रामदुलार साहू, कविता बिश्वाल, शांति टंडन, चुम्मन वर्मा, सीमा यादव सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू, उप अभियंता सचिन भागवत, लेखापाल शिवाजी प्रसाद, राजस्व निरीक्षक हरीश साहू, मोहन वर्मा, पुरुषोत्तम सोनी, आशा जंघेल एवं विभिन्न विभागों के प्रभारी उपस्थित रहे।

## 3 मई को 66 एमएलडी जलशोधन संयंत्र रहेगा बंद, कई क्षेत्रों में जलप्रदाय होगा प्रभावित

**भिलाई, 1 मई ।** नगर निगम के 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र के स्विच यार्ड एवं सबस्टेशन में आवश्यक संधारण कार्य किया जाएगा। विद्युत मंडल द्वारा निरीक्षण के बाद संधारण कार्य की आवश्यकता बताई गई है, जिसे विद्युत मंडल के सहयोग से पूरा किया जाएगा।संधारण कार्य के लिए 5 घंटे के शटडाउन की आवश्यकता होने के कारण 3 मई रविवार को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक 66 एमएलडी जलशोधन संयंत्र पूर्णतः बंद रहेगा। संयंत्र बंद रहने के कारण 4 मई को निगम भिलाई क्षेत्र के खम्हरिया, नेहरू नगर, फरीद नगर तथा निगम रिसाली क्षेत्र के नेवई, रूआबांधा एवं रिसाली में आंशिक रूप से जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। 4 मई की शाम तक सभी जलागारों से नियमित जलप्रदाय बहाल कर दिया जाएगा।



## निगम के 7 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**भिलाई, 1 मई ।** नगर निगम के सात कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में शॉल एवं श्रीफल भेंट कर विदाई दी गई। समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों की दीर्घकालिक सेवाओं की सराहना करते हुए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे सहित अन्य अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता तिग्गा ने कहा कि कर्मचारियों ने अपनी मेहनत, निष्ठा और समर्पण से निगम के कार्यों को बेहतर ढंग से पूरा किया तथा संस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में सहायक ग्रेड-03 शशि भूषण मोहंती, नियाज शाह, केशवराम साहू, वाहन चालक मातादीन, पंप सहायक प्रमोद अग्रवाल एवं गंगा प्रसाद चौहान तथा सफाई कामगार सुजनम्मा शामिल हैं।

# आयुक्त ने कई जगह सीवरेज लाइन से जुड़े कार्यों का निरीक्षण कर जल्द से जल्द पूरा करने के दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 1 मई ।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर सिवरेज लाइन से जुड़े कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा प्रस्तावित कार्यों को समय पर प्रारंभ कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 42 गौतम नगर में निर्माणाधीन सिवरेज लाइन का अवलोकन किया। इस दौरान कुछ स्थानों पर पाइपलाइन नागरिकों के घरों के समीप से गुजरने की स्थिति पर संबंधित रहवासियों को समझाइश दी गई और उनकी समस्याएं सुनी गईं। इसके बाद वार्ड 43 गुरु घासीदास नगर से जलाराम चौक तक प्रस्तावित सिवरेज लाइन संधारण कार्य के लिए स्थल निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य को तय समय सीमा में प्रारंभ करने को कहा। भगत सिंह चौक और शिव मंदिर स्थित केनाल रोड पर चल रहे सिवरेज पाइपलाइन संधारण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए तेजी से काम पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने हथखोज रोड के किनारे खाली पड़ी जमीन का सौंदर्यीकरण कर वहां पेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 22 मई को

**दुर्ग, 1 मई।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग एवं छत्रपति शिवाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में 22 मई 2026 को छत्रपति शिवाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, शिवाजी नगर बालोद रोड दुर्ग में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

## बदलेगा मौसम, अगले 5 दिनों तक आंधी-बारिश और वज्रपात के आसार

**भिलाई, 1 मई।** मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। इसके बाद आगामी तीन दिनों तक तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले पांच दिनों तक प्रदेश के सभी संभागों में एक-दो स्थानों पर तेज हवाओं, मेघ गर्जन, वज्रपात तथा हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। वहीं दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश से छत्तीसगढ़ होते हुए उत्तरी आंतरिक ओडिशा तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई पर द्रोणिका बनी हुई है, जिसके प्रभाव से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना जताई है। साथ ही गरज-चमक के साथ वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वानुमान के अनुसार 1 मई को आकाश आंशिक रूप से मेघमय रहेगा।

# सुरक्षा जागरूकता पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन



**भिलाई, 1 मई ।** बीएसपी के सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग ने ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता-2026 की कलाकृतियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का प्रथम प्रकाशन किया। इसका विमोचन इस्पात भवन स्थित डीआईसी कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित सेफ्टी सेनेट बैठक के दौरान किया गया। कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, राकेश कुमार, प्रबीर कुमार सरकार, कमल भास्कर एवं मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सत्पथी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह कॉफी टेबल बुक 11 जनवरी को आयोजित ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में प्राप्त कलाकृतियों का संकलन है, जिसमें 1200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया था।

## प्रयास आवासीय विद्यालय की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि 10 मई तक

**दुर्ग, 1 अप्रैल ।** प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी करायी जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। वर्ष 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि 01 से 10 मई 2026 तक (10 मई को प्रातः 9.30 बजे तक), प्राक्कयन की तिथि 10 मई 2026 को ओएमआर शीट भरना प्रातः 9.30 बजे से प्रातः 10 बजे एवं प्राक्कयन परीक्षा प्रारंभ।

# बीएसपी प्रबंधन ने 83 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 1 मई ।** बीएसपी से अप्रैल माह में कुल 83 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इनमें खदान बिरादरी के 6 सदस्यों सहित 12 कार्यपालक एवं 65 गैर-कार्यपालक कर्मचारी शामिल हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में बीएसपी प्रबंधन द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यपालकों के लिए आयोजित विदाई समारोह इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान करते हुए उनके लंबे सेवाकाल और योगदान की सराहना की। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्वस्थ, सुखद एवं सफल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा कार्यपालक निदेशक प्रबीर कुमार सरकार भी उपस्थित रहे।

# आईपीएल सट्टा मामले में चार गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 1 मई ।** भिलाई ऑनलाइन आईपीएल सट्टा के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है इसी के तहत ऑनलाइन सट्टा संचालन करने वाले चार आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है आरोपी मोबाइल के माध्यम से अवैध सट्टा संचालित करते पकड़े गए हैं आरोपियों द्वारा मोबाइल के माध्यम से रुपए पैसों का हार जीत का दांव लगाकर अवैध सट्टा खिलाया जा रहा था जिसे तकनीकी साक्ष्यों सहित पकड़ा गया है आरोपियों के कब्जे से एंड्रॉयड मोबाइल जब्त किया गया है आरोपियों के खिलाफ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6,7 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया और न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है उतई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम सेलूद में कुछ व्यक्तियों द्वारा मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन आईपीएल सट्टा संचालित किया जा रहा है? सूचना पर थाना उतई पुलिस एवं एसीसीयु की टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर आरोपियों को पकड़ा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है? आरोपीगण रजनी कांत साहू निवासी बाजार चौक ग्राम सेलूद थाना उतई, तमसेम साहू शास्त्री चौक सेलुद, यमन साहू बजरंग चौक ग्राम सेलुद तथा जिज्ञासु बंछोर शास्त्री चौक सेलुद अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से ऑनलाइन आईपीएल सट्टा का संचालन कर रहे थे।

# रुंगटा कालेज के चतुर्थ सेमेस्टर का छात्र ने फांसी लगाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 1 मई ।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के बीती रात छत्तीसगढ़ प्रथम वाहिनी बटालियन कालोनी में रहने वाले डीएसपी रैंक के अधिकारी के पुत्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली मृतक आयुष झारिया पिता संतोष झारिया ( 20 साल ) रुंगटा कॉलेज में चतुर्थ सेमेस्टर का छात्र था पुलिस के मुताबिक डीएसपी संतोष झारिया प्रथम वाहिनी बटालियन भिलाई में पदस्थ हैं गुरुवार की रात को वे ड्यूटी से बटालियन के पीछे कॉलोनी में अपने आवास पहुंचे संतोष झारिया यहां अपने बेटे आयुष के साथ रहते थे उन्होंने बेटे आयुष को आवाज दी लेकिन कमरे से कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांककर देखा तो आयुष फांसी के फंदे पर लटकता नजर आया मामले में स्मृति नगर चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है फिलहाल आयुष के खुदकुशी का कारण पता नहीं चल पाया है।

## लोगों को डराने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 1 मई (तछसं.)।** भिलाई धारदार हथियार लहराकर राहगीरों को भयभीत करने वाले आरोपी को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है वैशाली नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि थाना वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत मुखबिर से सूचना मिली कि जवाहर नगर रामलू चौक के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार हथियार लेकर आमजन एवं राहगीरों को डरा-धमका रहा है सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़ा पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रवि विश्वकर्मा (20 साल ) निवासी खुर्सीपार गौतम नगर बताया। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है ।

# जंतर-मंतर पर देंगे भारतीय मजदूर संघ के प्राइवेट सेक्टर महासंघ धरना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 1 मई ।** भारतीय मजदूर संघ के ऑल इंडिया प्राइवेट सेक्टर पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक 27 और 28 अप्रैल को भिलाई स्थित लोकल राधाकृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ऑल इंडिया प्राइवेट सेक्टर प्रभारी रविंद्र हिम्मते ने की, जबकि भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. सुरेंद्रन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि निजी क्षेत्र में श्रमिकों का लगातार शोषण हो रहा है और कई उद्योगों में श्रम कानूनों का पालन नहीं किया जा रहा है। बैठक में यह भी चिंता जताई गई कि ट्रांसपोर्ट सेक्टर में बदलावों का लाभ ड्राइवरों और कर्मचारियों तक नहीं पहुंच रहा है। बिजली क्षेत्र के निजीकरण को भी श्रमिकों की नौकरी सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया। वहीं निजी अस्पतालों, सुरक्षा एजेंसियों और विभिन्न उद्योगों में कर्मचारियों से निर्धारित समय से अधिक काम लेने तथा ओवरटाइम का भुगतान नहीं करने के मुद्दे भी उठाए गए। रविंद्र हिम्मते ने सभी राज्यों में आंदोलन तेज करने का आह्वान किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी ऑल इंडिया महासंघ नवंबर के दूसरे सप्ताह में नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर बड़ा धरना-प्रदर्शन करेंगे। साथ ही अगली ऑल इंडिया प्राइवेट सेक्टर बैठक अक्टूबर में दिल्ली में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक का आयोजन भारतीय मजदूर संघ के ऑल इंडिया सेक्रेटरी राधेश्याम जायसवाल एवं दुर्ग जिला भारतीय मजदूर संघ द्वारा किया गया। इस दौरान रविशंकर अल्लूरी, अनिल डुमले, संजय सिन्हा, राजू वालेराव, ओमप्रकाश, अन्ना धूमल सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। दुर्ग जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी ने कहा कि जिले के सभी निजी उद्योगों एवं संस्थानों में भारतीय मजदूर संघ अपना विस्तार करेगा और श्रमिकों को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करेगा। समापन ऑल इंडिया सेक्रेटरी संजय सिन्हा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## एक नजर

### नगर निगम ने सफाई श्रमवीरों को श्रमिक दिवस पर किया सम्मानित



**रायपुर 1 मई।** आज श्रमिक दिवस पर रायपुर नगर निगम की एमआईसी सदस्य डॉ अनामिका सिंह ने नगर निगम जोन 10 स्वास्थ्य विभाग के सफाई श्रमिक कामगारों को रायपुर शहर को स्वच्छ रखने मेहनत की पराकाष्ठा करने की जमकर सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया और श्रमिक दिवस के अवसर पर सुबह का नाश्ता रायपुर नगर निगम के सफाई श्रमवीरों के साथ किया और उन्हें श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दीं. इस दौरान सदर बाजार मण्डल अध्यक्ष श्री संतोष सोनी और नगर निगम जोन 10 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री अमित बेहरा की उपस्थिति रही.

### तिल्दा नेवरा में पेयजल आपूर्ति पर उठे सवाल,दूसरी पाइपलाइन की मांग तेज



**तिल्दा नेवरा 1 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर एक बार फिर चिंता सामने आई है। स्थानीय नागरिकों द्वारा यह मुद्दा उठाया गया है कि वर्षों से पानी सप्लाई की व्यवस्था पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। जानकारी के अनुसार, तिल्दा नेवरा में पेयजल आपूर्ति के लिए पूर्व में मध्यप्रदेश शासन के समय सोमनाथ एनीकेट से पाइपलाइन के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाता है। यह व्यवस्था अब पुरानी हो चुकी है और बढ़ती आबादी के दबाव के कारण इसकी क्षमता पर्याप्त नहीं रह गई है। स्थानीय स्तर पर यह आरोप भी लगाए जा रहे हैं कि शासन और केंद्र सरकार द्वारा मिलने वाले फंड का बड़ा हिस्सा केवल मेंटेनेंस में खर्च हो रहा है, जिससे नई योजनाओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा। परिणामस्वरूप नागरिकों को नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। इस संदर्भ में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया गया है। नगर पालिका के पूर्व एल्डरमैन नरेंद्र शर्मा ने कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी से मांग की गई है कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दूसरी पाइपलाइन की व्यवस्था शीघ्र की जाए। श्री शर्मा ने कहा है कि यदि समय रहते नई पाइपलाइन और जल संरचना विकसित नहीं की गई, तो आने वाले वर्षों में पेयजल संकट और गंभीर रूप ले सकता है। उन्होंने शासन से इस दिशा में ठोस और दीर्घकालिक योजना बनाने की अपेक्षा जताई है।

### सुदर्शन गिरी पहाड़ी में युवक की मिली लाश

**डोंगरगढ़ 1 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के समीपस्थ ग्राम अछोली स्थित सुदर्शन गिरी पहाड़ी के पास शुक्रवार की सुबह युवक का शव पेड़ के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला, जिससे आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान ग्राम अछोली निवासी 36 वर्षीय अमित हत्थेल के रूप में हुई । जो कि डोंगरगढ़ में ऑटो चालक का कार्य करता था। सूत्रों से मिली जानकारी में बताया जाता है कि युवक अपने घर से प्रातः 5 बजे निकला था। और जब स्थानीय लोगों ने पहाड़ी के पास पेड़ पर शव लटका पाया तो तत्काल इसकी जानकारी डोंगरगढ़ पुलिस को दी गई. जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारकर कब्जे में ले शव का पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहीं युवक के शव को फंदे पर झूलते हुए देखने से प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# बिजली बिलों में गड़बड़ी पर एनएसयूआई का विरोध,निष्पक्ष जांच की मांग

**रायपुर 1 मई।** राजधानी रायपुर के पुरेना जोन क्षेत्र में बिजली बिलों में कथित गड़बड़ी को लेकर एनएसयूआई ने विद्युत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव कुणाल राजू दुबे ने आरोप लगाया है कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को वास्तविक खपत से कई गुना अधिक बिजली बिल जारी किए जा रहे हैं, जिससे आम जनता आर्थिक रूप से परेशान हो रही है।

कुणाल दुबे ने कहा कि क्षेत्र के कई उपभोक्ताओं ने जब स्वयं मीटर रीडिंग का मिलान किया, तब बड़ी अनियमितताएं सामने आईं। उन्होंने



उदाहरण देते हुए बताया कि एक उपभोक्ता को लगभग 22 हजार रुपये का बिजली बिल जारी किया गया था, जबकि जांच के बाद वही बिल घटकर करीब 10 हजार रुपये रह गया। उन्होंने दावा किया कि विभागीय अधिकारियों ने भी स्वीकार किया है कि कई उपभोक्ताओं के बिल गलत तरीके से अधिक जारी हुए हैं और उनमें सुधार की प्रक्रिया चल रही है।

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि उपभोक्ताओं से वास्तविक खपत से अधिक राशि वसूली जा रही है, तो यह अतिरिक्त पैसा आखिर कहां जा रहा है। उन्होंने इसे बिजली बिल के नाम पर संभावित बड़े घोटाले का संकेत बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। एनएसयूआई ने मांग की है कि पूरे क्षेत्र के बिजली बिलों की तत्काल जांच कराई जाए, मीटर रीडिंग प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए तथा जिन उपभोक्ताओं को गलत बिल जारी किए गए हैं, उन्हें जल्द राहत दी जाए। साथ ही मामले में दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की गई है।

कुणाल राजू दुबे ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो एनएसयूआई आम जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी।

# मातृशक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए डबल इंजन सरकार प्रतिबद्ध : विष्णुदेव साय

**रायपुर, 1 मई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में संकल्प प्रस्तुत करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान, समग्र विकास और सशक्तिकरण के लिए संसद और सभी विधानसभाओं में उनके लिए एक तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुदृढ़ करेगी, बल्कि समाज में समान अवसर और संतुलित प्रतिनिधित्व की दिशा में भी एक नई ऊर्जा प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रयासों से देश की आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भूमिका मिलेगी और विकास अधिक समावेशी एवं प्रभावी बनेगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की यह पावन धरती माता शबरी, मां दंतेश्वरी और मां महामाया की भूमि है, जहां नारी को सदैव शक्ति के रूप में सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी केवल सम्मान की पात्र नहीं, बल्कि सृजन और शक्ति की आधारशिला है। नवरात्रि में जिस शक्ति की हम पूजा करते हैं, वही शक्ति समाज में मातृरूप में विद्यमान है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे शास्त्रों में वर्णित या देवी सर्वभूतेषु मातृ-



रूपेण संस्थिता÷ केवल एक श्लोक नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन का मूल तत्व है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती पर भक्त माता कर्मा, तीजन बाई, उषा बारले जैसी विभूतियों ने अपनी प्रतिभा और समर्पण से प्रदेश की पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया है। साथ ही, रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती और अवंती बाई जैसी वीरांगनाओं के योगदान को भी उन्होंने प्रेरणास्रोत बताया। आधुनिक युग में कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स जैसी महिलाओं ने देश का गौरव वैश्विक स्तर पर बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी और प्रतिनिधित्व का विस्तार समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के कार्यक्षेत्र के विस्तार और जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए समय-समय पर व्यवस्थागत सुधार और संतुलन पर विचार करना महत्वपूर्ण है, जिससे शासन व्यवस्था अधिक प्रभावी और जनसरोकारों के अनुरूप बन सके।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में देश में महिलाओं के सम्मान, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। स्वच्छता, स्वास्थ्य, वित्तीय समावेशन, शिक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। इन प्रयासों ने महिलाओं की गरिमा और आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। वर्ष 2026 को महतारी गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मातृशक्ति के योगदान को सम्मान देना और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता, स्वरोजगार के अवसर और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी महिलाओं तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इससे न केवल उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है, बल्कि वे समाज की मुख्यधारा से भी अधिक मजबूती से जुड़ रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आवास, पेयजल, आजीविका और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बड़ी संख्या में महिलाएं आज स्व-सहायता समूहों और अन्य गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र को मजबूत बनाने का एक सशक्त उदाहरण है। बड़ी संख्या में महिलाएं जनप्रतिनिधि के रूप में नेतृत्व कर रही हैं और स्थानीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को परिवार और समाज में सशक्त बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर सकारात्मक पहल की जा रही हैं, जिससे वे निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें। अपने संबोधन के अंत में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मातृशक्ति का सशक्तिकरण केवल एक नीति का विषय नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास का आधार है। उन्होंने सभी वर्गों से इस दिशा में सहयोग और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया, ताकि एक समतामूलक, सशक्त और समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सके।

## 97.50% अंकों के साथ सौम्या साहू ने राज्य के टॉप-10 में बनाई जगह



**रानी सौरभ जैन पार्षद ने सौम्या के निवास पहुंचकर शाल से सम्मान कर बधाई दी**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 1 मई ।** कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सौम्या साहू ने 97.50त अंक प्राप्त कर राज्य की टॉप 10 सूची में स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र एवं विद्यालय में हर्ष का माहौल है।

सौम्या साहू पी. एम. श्री. प्रियदर्शिनी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय नेवरा - तिल्दा की प्रतिभाशाली छात्रा हैं। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की। सौम्या के पिता श्री मुकेश कुमार साहू एवं माता श्रीमती कादम्बिनी साहू ने बेटी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे निरंतर परिश्रम और समर्पण का परिणाम बताया। विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेंद्र कुमार बंजारे ने सौम्या को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता पूरे विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के शिक्षकगण–श्री अश्वनी कुमार कर्ष, श्री बेदराम, श्री प्रशांत कटारिया, श्री वेदप्रकाश साहू, श्रीमती अंकिता परगनिहा एवं श्रीमती आयशा खान–के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भी सौम्या साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सौरभ रानी जैन (पार्षद वार्ड क्रमांक 21, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा), डॉ. राजेश कुमार चंदानी (प्राचार्य, बी.एन.बी. शासकीय उ. मा. विद्यालय नेवरा) तथा डॉ. एल. पी. साहू एवं सौरभ जैन ने इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताते हुए सौम्या के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सौम्या साहू की इस सफलता ने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है और पूरे क्षेत्र में उनकी सराहना की जा रही है।

## बच्ची से हैवानियत के आरोपी के खिलाफ फूटा कांग्रेसियों का गुस्सा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 1 मई।** क्षेत्र में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने एस डी एम आशुतोष देवांगन और थाना तिल्दा नेवरा में पुलिस अधिक्षक के नाम को ज्ञापन सौंपा और दोषी को फांसी की सजा देने की मांग की कांग्रेसियो ने कहा की अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं बचा है, बेखौफ मासूम बच्चे अपराधियों के निशाने पर हैं।आखिर कब तक मासूमों की सुरक्षा से समझौता होता रहेगा?दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू ने कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर दोषी को फांसी की सजा दी जाए। साथी ही, उन्होंने कानून व्यवस्था को दुरुस्त कर देश के अंदर बहन-बेटियों को सुरक्षित माहौल देना सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कानून व्यवस्था को लेकर आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। अगर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता है तो आने वाले दिनों में हम उग्र आंदोलन करेंगे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजितेश शर्मा ने कहा कि 6 वर्ष की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म मामले में दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई हो। उन पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर फांसी की सजा दिलाई जाए। जिससे कि आने वाले समय में कोई भी हमारी बहन-बेटियों की तरफ आंख उठाकर ना देख पाए। आज देश के अंदर लगातार अपराध बढ़ते जा रहे हैं।

रायपुर जिला कोषाध्यक्ष मोती हिंदुजा ने कहा की ऐसे अपराधी का जिंदा रहना समाज के लिए कलंक होगा. ऐसे क्रूरतम अपराधी को जीने का अधिकार नहीं होना चाहिए. इसे फांसी ही मिलनी चाहिए. यह दर्दनाक घटना महिला और बच्चियों की सुरक्षा पर गम्भीर सवाल उठाती है. क्या हमारे समाज और पुलिस व्यवस्था में इतनी खामियां रह जाएंगी कि मासूमों की जान लगातार खतरे में रहे? हर दिन कोई न कोई बच्ची, महिला सुरक्षा की गुहार लगाती नजर आती है.सरकार, समाज और हर नागरिक को मिलकर इन कायर अपराधों को जड़ से खत्म करने के लिए सतर्क और संवेदनशील रहना होगा. बच्ची के अहित से हमारा समाज कलंकित होता है, जिसे दूर करना हम सबकी जिम्मेदारी है. न्याय तो दिलाना ही होगा, ताकि बहन, बेटी सुरक्षित और सम्मानित महसूस कर सकें. कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजितेश शर्मा,ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू, मोती हिंदुजा ,बहेसर सरपंच सेवक बर्मन ,लक्ष्मी नारायण वर्मा, हरी मारखण्डे ,देवा दास टंडन, के कृष्ण मूर्ति,तोरण जांगड़े , ओम ठाकुर, प्रशांत गुप्ता ,, कैलाश गांधी ,ओम ठाकुर ,, लाला शर्मा द्वारिका साहू , हेम लाल साहू , सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित हुए।

# तिल्दा नेवरा जे बी पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने फिर लहराया सफलता का परचम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 1 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाल ही में घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में जे. बी. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय का कुल परिणाम उत्साह जनक रहा, जो विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विद्यालय की छात्रा पल्लवी साहू ने 93.83% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही याशिका बिदलानी (92.66%) एवं रूपाली वर्मा (90%) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। लकी ध्रुव (87.83%), पुष्कर वर्मा (85.33%), काव्या वर्मा (84.5%), पूरब निषाद (81.33%), काशिश पात्रे (80.66%) अंक प्राप्त।।

उल्लेखनीय उपलब्धि :

इस वर्ष विद्यालय का कक्षा 10वीं का औसत परिणाम 70.86त दर्ज किया गया। विद्यालय के 80त छात्रों ने 60त+ अंक प्राप्त कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है द्य

### विशेष उपलब्धि:

RTE योजना के अंतर्गत अध्ययनरत छात्र पूरब निषाद ने 81.33त अंक प्राप्त कर विद्यालय में 7वां स्थान हासिल किया। यह सफलता यह दर्शाती है कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ संकल्प, परिश्रम और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। ज्ञात हो कि वर्तमान में विद्यालय में 105 छात्र RTE योजना के अंतर्गत अध्ययनरत हैं।

विद्यालय की प्राचार्या प्रमोदा परीदा, समस्त शिक्षकगण एवं प्रबंधन समिति ने सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को इस उत्कृष्ट सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के कुशल एवं अनुभवी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा प्रबंधन टीम के सुंदर समन्वय का ही परिणाम है कि विद्यालय का प्रत्येक शिक्षक एवं अभिभावक स्वयं को इस संस्थान से जुड़ा हुआ महसूस करता है। जे. बी. पब्लिक स्कूल सदैव विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान देता है।

यहां शिक्षा का अर्थ केवल पढ़ाई-लिखाई तक सीमित नहीं, बल्कि छात्रों के मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक विकास से है। विद्यालय समय-समय पर विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को निखारने का अवसर प्रदान करता है। विद्यालय में खेल, ध्यान, नैतिक शिक्षा एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता को दैनिक जीवन से जोड़कर सिखाया जाता है, जिससे विद्यार्थी न केवल पढ़ाई में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए तैयार होते हैं। यही कारण है कि जे. बी. पब्लिक स्कूल के छात्र आज हर प्रकार की प्रतिस्पर्धा के लिए आत्मविश्वास के साथ तैयार दिखाई देते हैं।

**विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**सामाजिक विज्ञान में सर्वाधिक अंक:** 98 एवं 4 विद्यार्थियों ने 90+ अंक प्राप्त किए

गणित में 4 विद्यार्थियों ने 90+ अंक प्राप्त किए

अंग्रेजी में 5 विद्यार्थियों ने 90+ अंक प्राप्त किए

विज्ञान में 3 विद्यार्थियों ने 90+ अंक प्राप्त किए

हिन्दी में 3 विद्यार्थियों ने 90+ अंक प्राप्त किए।





## विपक्ष ने तो पीएम मोदी को मौका दिया है

राजनीति में होशियार वह राजनेता होता है जो राजनीति के मुद्दे तय करता है। राजनीति के ऐसे मुद्दे तय करता है जिससे एक बड़ा वर्ग जुड़ा होता है और चुनाव में वही बड़ा वर्ग हार-जीत का फैसला करने में अहम भूमिका निबाहने वाला होता है। पीएम मोदी ने भाजपा के लिए एक बड़ा मुद्दा चुन लिया है।यह मुद्दा भाजपा का है इसे पीएम मोदी ने संसद के भीतर व बाहर पुरजोर तरीके से साबित किया है कि भाजपा तो महिलाओं का आरक्षण देना चाहती है।भाजपा ने महिलाओं को आरक्षण देने के लिए संशोधन विधेयक संसद में लाया था।विपक्ष से इसे पारित करने में सहयोग करने को कहा था। पारित कराने का पूरा श्रेय विपक्ष को देने को कहा था लेकिन विपक्ष की रुचि महिला आरक्षण पारित कर महिलाओं को उनका हक देने की जगह संसद में महिला आरक्षण विरोध कर पीएम मोदी को हराने में ज्यादा थी। वह इस बात से खुश हो सकते थे कि उन्होंने मोदी सरकार का सहयोग कर महिला आरक्षण का हक महिलाओं को दिया है लेकिन वे इस पर ज्यादा खुश हुए कि मोदी सरकार महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को पारित नहीं करवा सके। महिला आरक्षण मामले में पीएम मोदी संसद में हार गए और उन्हें हराने में कांग्रेस की अहम भूमिका रही। संसद में कांग्रेस ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को पारित नहीं होने दिया। पीएम मोदी ने तो उनको मौका दिया था पर वह मौके का फायदा नहीं उठा पाई। पीएम मोदी जानते थे कि अगर कांग्रेस को महिला आरक्षण पारित करवाने व पीएम मोदी का हराने का मौका मिलने पर वह पीएम मोदी को हराने का काम पूरे जोश से करेगी और कांग्रेस ने ऐसा किया है। सच यह है कि कांग्रेस ने वह नहीं किया है जो राहुल गांधी चाहते थे, राहुल गांधी ने वह किया है जो पीएम मोदी चाहते थे। पीएम चाहते थे पूरा देश देखे संसद में कांग्रेस व राहुल गांधी कैसे महिला आरक्षण का विरोध करते हैं और कैसे उसका जश्न मनाते हैं। अब पीएम मोदी योजना के दूसरे चरण में अमल कर रहे हैं। वह जब वाराणसी में कहते हैं कि सपा व कांग्रेस जैसे राजनीतिक दलों ने फिर देश की महिलाओं को धोखा दिया है। यह सारे परिवारवादी दल नारी शक्ति से डरे हुए हैं।इसलिए परिवारवादी दलों ने संसद में महिला आरक्षण का विरोध किया।यह साफ हो जाता है कि अब आने वाले चुनाव के पहले पीएम मोदी कांग्रेस सहित विपक्षी दलों का महिला विरोधी बताने का पूरा प्रयास करेंगे। यही नहीं पांच राज्यों के चुनाव में अगर कहीं भाजपा की सरकार बनती है तो यही बताया जाएगा कि महिला विरोधी राजनीतिक दलों को महिलाओं ने सबक सिखाया है। पांच राज्यों के चुनाव में महिलाओं ने बढ़चढ़कर वोट दिया है। इससे मतदान पहले से ज्यादा हुआ है।भाजपा व मोदी का पूरा प्रयास होगा कि अगले साल जिन राज्यों में चुनाव है, वहां कांग्रेस व विपक्षी दलों को महिला विरोधी बताने का प्रयास किया जाए। यूपी में अगले साल चुनाव है इसलिए यहां तो कांग्रेस व सपा को महिला विरोधी बताने का प्रयास पीएम मोदी ने शुरू कर दिया है। पीएम मोदी ने महिला आरक्षण को भाजपा का मुद्दा बना दिया है और अब विपक्ष को अपना मुद्दा बताने में परेशानी होगी। क्योंकि विपक्ष कितना भी कहे कि वह महिलाओं को आरक्षण का समर्थक है लेकिन कहा तो यही जाएगा संसद में तो कांग्रेस के विरोध के कारण ही महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पारित नहीं हुआ था।अब कांग्रेस की मजबूरी है कि जैसे जैसे पीएम मोदी पूरे देश में कांग्रेस व विपक्षी दलों को महिला विरोधी प्रचारित करेंगे कांग्रेस व विपक्षी दल वैसे वैसे खुद को महिला आरक्षण विरोधी बताने का पूरा प्रयास करेंगे।यानी कांग्रेस के न चाहने पर भी महिला आरक्षण बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनेगा और कांग्रेस को इस पर बार बार सफाई देनी पड़ेगी कि कांग्रेस तो चाहती है कि महिलाओं को आरक्षण मिले। लेकिन पीएम मोदी व भाजपा पूरे देश में यही प्रचार करते रहेंगे कि कांग्रेस महिला विरोधी है इसलिए उसने संसद में महिला आरक्षण का विरोध किया और यह सच भी है, पूरे देश की महिलाओं ने देखा है कि कांग्रेस ने संसद में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक का विरोध किया इसलिए महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पारित नहीं हो सका।पांच राज्यों का चुनाव खत्म होने के बाद कांग्रेस मांग कर रही है कि सरकार महिला आरक्षण पर सर्वदलीय बैठक बुलाए तो यह उसकी मजबूरी है क्योंकि महिलाओं की नाराजगी का मतलब है कि अगले चुनावों में कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक नुकसान।

विशेष

# बुद्ध पूर्णिमा: करुणा का संदेश

**श्री सी. पी. राधाकृष्णन,लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं**



चित्रा पूर्णिमा के शुभ अवसर पर, जब मंदिर उत्सव मनाए जा रहे हैं, मैं प्रार्थना करता हूं कि प्रत्येक घर में सुख- समृद्धि बढ़े। मुझे सभी भाईयों और बहनों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता हो रही है। भारत ने विश्व को जो अनेक उपहार दिए हैं, उनमें बौद्ध धर्म सर्वोपरि है। भगवान बुद्ध का जीवन और उनके उपदेश, आज भी दुनिया भर के लाखों लोगों के जीवन को प्रकाशमान कर रहे हैं। भारत ने विश्व को आत्म-साक्षात्कार का महत्व सिखाया। बुद्ध शब्द का अर्थ ही है "जाग्रत व्यक्ति"। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि मानवता को आत्मज्ञान की राह दिखाने वाली इस महान आत्मा का जन्म और ज्ञान प्राप्ति, दोनों एक ही दिन हुए।

राजकुमार सिद्धार्थ का पालन-पोषण विलासिता में हुआ। 29 वर्ष की आयु में, उन्होंने अपना महल, पत्नी, पुत्र और समस्त सांसारिक धन-संपत्ति त्यागकर आध्यात्मिक सत्य की खोज में विचरण किया। छह वर्षों के गहन शोध के बाद, उन्होंने बोधगया के बोधि वृक्ष के नीचे परम ज्ञान प्राप्त किया और बुद्ध बन गए। चार आर्य सत्यों और नैतिक आचरण के मार्ग की प्राप्ति ने एक नए दर्शन का आरंभ किया, जिसने विश्व इतिहास में भारत के गौरव को नई ऊंचाई दी। वाराणसी के पास सारनाथ में उन्होंने पांच तपस्वियों को अपना प्रथम उपदेश दिया। "धर्मचक्र प्रवर्तन" के नाम से प्रसिद्ध यह उपदेश बौद्ध धर्म की नींव बना और बौद्ध परंपरा की औपचारिक शुरुआत का यह प्रतीक था। समय के साथ, अनेक लोग उनके उपदेशों से प्रभावित हुए। मगध के राजा बिम्बिसार ने राजगीर में वेणुवन (बांस उपवन) विहार दान किया। धनी अनाथपिंडिका ने पूरे जेतवन उपवन को स्वर्ण मुद्राओं से ढककर एक विहार(मठ) का निर्माण करवाया। ऐसे कार्य भारत में विद्यमान धर्मपरायणता में गहरी आस्था को दर्शाते हैं।

विहारों के माध्यम से चार आर्य सत्यों का प्रसार होता है: इच्छा दुख का मूल कारण है; इच्छा का त्याग करने से दुख पर विजय पाई जा सकती है, और अष्टांगिक मार्ग का पालन कर दुख से मुक्त जीवन जिया जा सकता है। बुद्ध ने सलाह दी: अतीत पर ध्यान न दें, वर्तमान में जिएं। सत्यनिष्ठा में महान शक्ति होती है। मन सभी कर्मों का मूल है, इसलिए सकारात्मक सोच विकसित करें। कठिन समय में भय से पीछे न हटें। जीवन की यात्रा अंततः व्यक्तिगत होती है, इसलिए इसे आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ाओ। शब्दों में घाव देने की शक्ति होती है, इसलिए मधुर वाणी बोलो। प्रेम और अहिंसा आवश्यक हैं। निरंतर सीखते रहो, कभी रुकें नहीं।

मणिमेकलई और कुंडलकेसी जैसे तमिल साहित्यिक ग्रंथों में बौद्ध दर्शन का अत्यंत सुंदर वर्णन मिलता है। हालांकि, अनेक प्राचीन ग्रंथ समय के साथ लुप्त हो गए, फिर भी उनका योगदान अमूल्य बना हुआ है।

"मदिरा जो मन को भ्रमित करती है, और जीव हिंसा-  
बुद्धिमान, मोह से मुक्त होकर, इनका त्याग करते हैं, सुनो:  
जन्म और मृत्यु, तथा मृत्यु के बाद पुनर्जन्म,  
नींद और जागरण के समान हैं-यही सत्य है।  
जो धर्मपूर्ण कर्म करते हैं, वे श्रेष्ठ लोक को प्राप्त होते हैं,  
और जो अधर्म करते हैं, वे गहन दुःख में गिरते हैं।  
इस सत्य को समझकर विवेकी जन अपने सभी बंधनों को तोड़ देते हैं।"

इस प्रकार महाकाव्य मणिमेकलै (आथिरै पिच्चैयिट्टा काथैः 84–90) बौद्ध धर्म के सार को स्पष्ट करता है।

उन्होंने पांच नैतिक सिद्धांतों पर विशेष बल दिया-अहिंसा, चोरी न करना, व्यभिचार से दूर रहना, सत्य बोलना और नशीले पदार्थों से परहेज़ करना। धर्म से आगे बढ़कर उन्होंने सिखाया कि मन ही हर चीज़ की जड़ है। सकारात्मक विचार और श्रेष्ठ कर्म ही व्यक्ति तथा समाज में संतुलन और शांति लाते हैं। अशांत मन को ज्ञान और स्पष्टता देने के कारण उन्हें "एशिया का प्रकाश" कहा जाता है।

मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम के शब्द याद आते हैं-"भगवान गौतम बुद्ध के जीवन का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने हमें सिखाया कि शांति की शुरुआत हमारे भीतर से होती है, उन्होंने यह एहसास कराया कि स्वयं पर विजय पाना ही सबसे बड़ी जीत है। आज जब दुनिया तनाव और संघर्ष के दौर से गुजर रही है, तब बुद्ध के उपदेश और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं।"बुद्ध के उपदेशों की परिवर्तनकारी शक्ति इस बात से स्पष्ट होती है कि उन्होंने सम्राट अशोक जैसे युद्धप्रिय शासक को भी शांति और करुणा का समर्थक बना दिया। सम्राट अशोक ने शिलालेखों और स्तूपों के माध्यम से पूरे देश में बौद्ध सिद्धांतों का प्रचार किया। सांची और सारनाथ के स्तूप आज भी दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करते हैं। सारनाथ का सिंह स्तंभ आज भारत का राष्ट्रीय प्रतीक है।

अशोक ने भिक्षुओं और अपने परिवार के सहयोग से बौद्ध धर्म को पूरे एशिया में फैलाया। महावंश के अनुसार, उनके पुत्र महेंद्र बौद्ध उपदेशों को श्रीलंका ले गए। माना जाता है कि बौद्ध भिक्षुओं ने तमिलनाडु में भी इस धर्म के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहाँ आज भी कई क्षेत्रों में बौद्ध परंपरा के चिन्ह मिलते हैं।

बौद्ध भिक्षु बिना किसी भेदभाव के निःशुल्क चिकित्सा और शिक्षा प्रदान करते थे। वे त्रिपिटक जैसे पवित्र ग्रंथों की शिक्षा देते, जातक कथाएं सुनाते और लोगों को ध्यान साधना के माध्यम से जागरूकता का मार्ग दिखाते थे। दान, विशेषकर भूखों को भोजन कराना, एक मूल कर्तव्य माना जाता था। तमिल साहित्य में भी कहा गया है कि भूखे को भोजन देना मानो जीवन देने के समान है।

हजारों वर्षों से इस भूमि पर अनेक आध्यात्मिक विचारधाराएं और दर्शन विकसित होते रहे हैं। चाहे बौद्ध धर्म हो या जैन धर्म, भारत ने हर मत और पंथ को एकात्म भावना से स्वीकार किया है। यह दर्शाता है कि सांस्कृतिक चेतना और साझा भावनाओं के स्तर पर यह राष्ट्र सदैव एक रहा है। बौद्ध धर्म ने आजीवन शिक्षा पर विशेष बल दिया और विशाल स्तर पर शिक्षण संस्थानों तथा पुस्तकालयों की स्थापना की। पांचवीं शताब्दी में ही नालंदा विश्वविद्यालय एक महान ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित हुआ, जहां लगभग 10,000 विद्यार्थी और 1,500 आचार्य शिक्षा एवं अध्यापन में संलग्न थे।

नालंदा की तरह ही ऐतिहासिक अभिलेख बताते हैं कि तमिलनाडु के कांचीपुरम में भी एक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय था। विक्रमशिला और ओदंतपुरी जैसे विश्वविद्यालयों तथा अनेक साहित्यिक कृतियों ने विश्व के सामने भारत की बौद्धिक ऊंचाइयों को प्रदर्शित किया।

एशिया भर से विद्वान बौद्ध शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों में अध्ययन करने भारत आते थे। चीनी भिक्षु फाह्यान की 15 वर्ष लंबी यात्रा विशेष रूप से बौद्ध धर्म के अध्ययन के लिए थी। इसी प्रकार चीनी विद्वान ह्वेनसांग ने 16 वर्षों तक भारत में रहकर नालंदा में अध्ययन किया, अनेक ग्रंथ संग्रहित किए और फिर अपने देश लौटे।

अपने विस्तृत यात्रा-वृत्तांत में ह्वेनत्सांग ने उल्लेख किया है कि उन्होंने तमिलनाडु के कांचीपुरम का भी दौरा किया, जहां वे एक बौद्ध विश्वविद्यालय में ठहरे, अध्ययन किया और अनेक पांडुलिपियों की प्रतिलिपियां तैयार कीं। कहा जाता है कि उन्होंने वहां विद्यार्थियों को विशेष व्याख्यान भी दिए।

कठोर तपस्या से अत्यंत दुर्बल हो चुके सिद्धार्थ के प्रति करुणा से प्रेरित होकर सुजाता ने उन्हें प्रेमपूर्वक खीर अर्पित की। इस करुणामयी सेवा ने उनका जीवन बचाया और उन्हें बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान करने की शक्ति प्रदान की। बुद्ध पूर्णिमा के दिन हम सुजाता के इसी प्रेम और दया को स्मरण करते हुए खीर बनाकर अर्पित करते हैं।

"प्रेम ही आनंद का स्रोत है, प्रेम ही दुनिया की रोशनी है, और प्रेम ही सबसे बड़ी शक्ति है"-बुद्ध की ये शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि पूरे विश्व में प्रेम और शांति का प्रसार हो।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज नौकरी अथवा व्यवसाय में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करे दूसरों के भरोसे काम नहीं छोड़ें।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए स्पेशल रहेगा। दांपत्य रिश्ते में चल रही अनबन आज खत्म होगी, एक-दूसरे के साथ रिश्ते में नयी शुरुआत करेंगे।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। ऑफिस के रुके कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज शांत मन से निर्णय लेना बेहतर रहेगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन बढिया रहेगा। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, जिन्हें आप बखूबी पूरा करेंगे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके सामान्य रहेगा। आपने खर्च को नियंत्रित करके आप अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर कर सकते है। आज आपको कोर्ट कचहरी के मामलों से संभलकर रहने की जरूरत है।

कन्या राशि- आज आपका दिन मिला-जुला अनुभव देने वाला रहेगा। दोस्तों के साथ मिलजुल कर रहे। जरूरत पडऩे पर आपको मदद लेनी पड़ सकती है।

तुला राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज हैवी ट्रैफिक की वजह से आपको ऑफिस के लिए लेट हो सकता है। आय की तुलना में व्यय की मात्रा अधिक रहेगी।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपकी इनकम के हिसाब से खर्चे बढ़ेंगे। कार्यों में आ रही रुकावटें आज समाप्त होंगी। आज माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान देने की जरूरत है।


धनु राशि- आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। पूरी ऊर्जा के साथ काम करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञ सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। बड़े भाई की सहायता से काम को जल्द और आसानी से पूरा कर लेंगे। आपके घर के वातावरण में सुख समृद्धि बढ़ेगी।

कुंभ राशि- आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आज कुछ नया करने की सोचेंगे। अगर आप प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो मेहनत करते रहे। आपको सफलता जरूर मिलेगी।

मीन राशि- आज आपका दिन मिलीजुली प्रतिक्रिया से भरा रहेगा। आज किसी बात से आप बेहद खुश होंगे। सिंगर्स को किसी एल्बम की प्रसिद्धि के लिए सम्मानित किया जायेगा। अगर आप प्रेजेंटेशन तैयार कर रहे हैं, तो ध्यानपूर्वक करें।

# जहाँ बुद्ध घर लौटते हैं



**गजेन्द्र सिंह शेखावत**

किसी राष्ट्र के जीवन में कुछ ऐसे क्षण आते हैं जब इतिहास केवल खुद को दोहराता नहीं — बल्कि और गहरा हो जाता है। इस बुधवार, जब तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेष इस पैमाने पर सार्वजनिक श्रद्धा के साथ पहली बार भारत में लद्दाख की धरती पर उतरेंगे, तो मैं खुद को सरकारी भाषा की ओर नहीं, बल्कि किसी बहुत पुरानी चीज़ की ओर — श्रद्धा की ओर — मुड़ते हुए पाता हूँ। सदियों से लद्दाख ने यह ज्योति संजोए रखी है। उन क्रूर सर्दियों में जो नदियों को जमा देती हैं, उन भू-राजनीतिक दबावों में जो मज़बूत से मज़बूत आत्माओं को भी आज़माते हैं, ऊँचाई की एकाकी दुनिया में और दूर-दराज़ के दर्रों की कठिनाइयों के बीच — लद्दाख के लोगों ने धर्म को ऐसी निष्ठा से जीवित रखा है जो हर संस्था और हर सरकार को नत-मस्तक कर दे। तो यह बिल्कुल उचित है कि भारत का पहला ऐतिहासिक सार्वजनिक प्रदर्शनी किसी महानगर के वातानुकूलित संग्रहालय में नहीं, बल्कि यहाँ — दुनिया की छत पर — हो रहा है, जहाँ आस्था ही जीवन की बुनावट है।और सोचिए — ये अवशेष कहाँ से आ रहे हैं? वे पिपरहवा, उत्तर प्रदेश से आते हैं — वह स्थान जिसे ऐतिहासिक रूप से प्राचीन कपिलवस्तु से जोड़ा जाता है, सिद्धार्थ गौतम की जन्मभूमि। उन्हें लद्दाख लाना, शाब्दिक अर्थों में, एक घर-वापसी है।

**एक ऐसा 'पहली बार' जो युगों का बोझ उठाए है**

तथागत के पवित्र अवशेषों की इस पावन प्रदर्शनी का आधिकारिक नाम भी एक घोषणा है: "संघर्ष के समय में शांति।" एक ऐसी दुनिया में जो युद्ध, विखंडन और बढ़ती दुश्मनी से जूझ रही है, ये शब्द उस सोच को चुनौती देते हैं जो संघर्ष को अनिवार्य मानती है, शक्ति को आक्रामकता से जोड़ती है, और अनिश्चितता का एकमात्र उत्तर बल में देखती है। बुद्ध ने ढाई हज़ार साल पहले इस चुनौती का जवाब दिया था। हम उनकी भौतिक उपस्थिति को वापस ला रहे हैं ताकि दुनिया को याद दिला सकें — वह उत्तर आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

गौतम बुद्ध के पवित्र अवशेष — जिन्हें अत्यंत पवित्रता के साथ संरक्षित किया गया है — पहली बार अपने स्थायी संरक्षण-स्थल से बाहर निकलकर इस पैमाने पर भारतीय भूमि पर दर्शन के लिए आ रहे हैं। Z श्रेणी की सुरक्षा के साथ, एक विशेष विमान में, वे 29 अप्रैल को लेह पहुँचेंगे — और पंद्रह दिनों तक, 1 से 15 मई तक, शुभ 2569वीं वेसाक बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर से आरंभ होकर, दुनियाभर के श्रद्धालुओं, भिक्षुओं, विद्वानों और तीर्थयात्रियों के लिए यह प्रदर्शनी सुलभ रहेगी। स्थान भी अपने आप में बहुत कुछ कहते हैं। महाबोधि अंतर्राष्ट्रीय ध्यान केंद्र, ऐतिहासिक लेह पैलेस का धर्म केंद्र, और जीवे-त्सल का शिक्षण स्थल — वही पवित्र भूमि जहाँ परमपावन दलाई लामा ने अपनी शिक्षाएं दी हैं — इस प्रदर्शनी के आयोजन-स्थल होंगे। और अवशेष केवल लेह तक सीमित नहीं रहेंगे। 11 और 12 मई के बीच वे सुदूर ज़ांस्कर घाटी की यात्रा करेंगे — उस समुदाय तक बुद्ध की कृपा पहुँचाने के लिए, जिनकी बौद्ध परंपराएं उनके परिदृश्य की खाइयों जितनी गहरी हैं। "यह भारत की आत्मा, उसकी सभ्यता और उस शाश्वत संदेश का उत्सव है जो वह एक टूटती हुई दुनिया को देती है।"

**वह भूमि जिसने ज्योति को कभी बुझने नहीं दिया**

यह समझने के लिए कि लद्दाख इस अवसर के लिए सही घर क्यों है, पहले लद्दाख को समझना होगा। यह केवल मठों और पहाड़ों का एक नाटकीय परिदृश्य नहीं है — चाहे वह परिदृश्य कितना भी मनोरम हो। यह धर्म का एक जीवित विश्वविद्यालय है। हेमिस मठ की शांत ऊँचाइयों से — जिसका वार्षिक उत्सव समूचे हिमालयी संसार से तीर्थयात्रियों को खींचता है — अलची के प्राचीन भित्तिचित्रों तक, जो 10वीं सदी में बने और आज भी भक्ति की प्रतिभा से जीवंत हैं; दिस्कित की विशाल मैत्रेय बुद्ध प्रतिमा से — जो श्योक नदी की ओर अनंत करुणा की दृष्टि से देखती है — थिकसे के बहुस्तरीय ज्ञान तक, जिसकी तुलना अक्सर तिब्बत के महान मठों से की जाती है — लद्दाख हज़ार वर्षों से अधिक समय से बौद्ध दर्शन, कला, पांडुलिपि परंपरा और जीवंत साधना के सबसे असाधारण भंडारों में से एक रहा है। ये मठ, इनमें रहने वाले भिक्षु — ये उस परंपरा के सक्रिय वाहक हैं जो हिमालयी क्षेत्र के हर भू-राजनीतिक तूफान में टिकी रही। और यह संरक्षण का कार्य उन्होंने उन परिस्थितियों में किया है जो अधिकांश प्रशासकों की कल्पना को भी थका दे: कड़ाके की ठंड, सीमित संसाधन, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, और एक ऐसा भूगोल जिसे बसाने के लिए भी साहस चाहिए। यह भारत की आधिकारिक स्वीकृति है कि लद्दाख हमेशा से क्या रहा है — नक्शे के किनारे पर एक सीमांत क्षेत्र नहीं, बल्कि राष्ट्र की पहचान के केंद्र में धड़कता हुआ एक आध्यात्मिक हृदय।

**सभ्यतागत गहराई में निहित एक दृष्टि**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लद्दाख को बौद्ध संस्कृति और आध्यात्मिकता के एक जीवंत केंद्र के रूप में निरंतर वर्णित किया है। उन्होंने लद्दाख के लोगों की लचीलेपन और देशभक्ति की — विशेषकर कठिन सीमा परिस्थितियों में — अक्सर बात की है, उनकी आध्यात्मिक शक्ति को राष्ट्रीय संकल्प और एकता से जोड़ते हुए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि लद्दाख में विकास उसकी अनूठी संस्कृति और पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ चलेगा।

जैसा कि प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया है: लद्दाख न केवल अत्यंत रणनीतिक महत्त्व की भूमि है, बल्कि बुद्ध की शिक्षाओं का एक जीवंत केंद्र भी है। पवित्र अवशेषों की यह यात्रा एक आध्यात्मिक आशीर्वाद भी है और बौद्ध विरासत को संजोने में लद्दाख की सदियों पुरानी भूमिका, तथा राष्ट्र की सेवा में यहाँ के लोगों के साहस और समर्पण की पहचान भी।

यह दृष्टि — कि लद्दाख एक साथ राष्ट्रीय सुरक्षा का सीमांत और सभ्यतागत ज्ञान का गढ़ है — इस स्थान के बारे में सबसे सुसंगत बात है।

**एक टूटती दुनिया को लद्दाख क्या सिखाता है**

यह प्रदर्शनी भारत में अब तक की बौद्ध समुदायों की सबसे बड़ी सभाओं में से एक बनने की संभावना रखती है। और ऐसी दुनिया में जो संघर्ष, ध्रुवीकरण और संदेह की राजनीति से परिभाषित होती जा रही है, यह सभा एक ऐसा संदेश देती है जो किसी एक आस्था की सीमाओं से परे जाता है। अहिंसा, करुणा और आंतरिक जागृति पर बुद्ध की शिक्षाएं किसी एक समुदाय, संप्रदाय या परंपरा की संपत्ति नहीं हैं। चाहे वह गेलुग हो, द्रुकपा, काग्यू, या लद्दाख में फलती-फूलती कोई भी अन्य महान परंपरा — धर्म का सार एक ही रहता है: करुणा का, प्रज्ञा का, सद्भाव का मार्ग। यह पवित्र प्रदर्शनी, जो ऐसे समय में आ रही है जब क्षेत्र में वसंत आ रहा है और ऊँचे दर्रों से बर्फ पिघलने लगी है, हर उस सीमा को पार करने का आमंत्रण है जो हमें बाँटती है — संप्रदाय की, राष्ट्रीयता की, भय की। "अवशेष आस्थावानों को आशीर्वाद देते हैं। लेकिन वे एक देखती हुई दुनिया को यह भी याद दिलाते हैं कि शक्ति के सबसे शांत रूप हमेशा सबसे स्थायी रहे हैं।"

**इस जीवंत विरासत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता**

भारत सरकार लद्दाख को दुनिया में बौद्ध संस्कृति के सबसे महत्त्वपूर्ण जीवंत केंद्रों में से एक मानती है। हम प्रतिबद्ध हैं — केवल नीति दस्तावेज़ों की भाषा में नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई में — यहाँ के मठों के संरक्षण, बौद्ध अध्ययन के प्रोत्साहन, और इसकी अनूठी सांस्कृतिक परंपराओं की रक्षा के लिए। इस प्रदर्शनी के हिस्से के रूप में बड़ी संख्या में भिक्षुओं की एक विशाल बौद्ध जाप-सभा की योजना है — जिसे आयोजक Guinness World Records में दर्ज कराना चाहते हैं — जो इस भूमि की उस भक्ति के पैमाने का एक सटीक प्रतीक है जिसे वह जगाती है। केंद्र सरकार मठीय संस्थाओं और लद्दाख के लोगों के साथ मिलकर काम करती रहेगी ताकि यह समृद्ध विरासत फले-फूले और दुनिया तक पहुँचे। लद्दाख पर्यटन और स्वयं इस पवित्र प्रदर्शनी के लिए हाल ही में लॉन्च किए गए digital portals इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। संस्कृति मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ, और लद्दाख के स्थानीय संगठन — गोम्पा एसोसिएशन, बौद्ध एसोसिएशन, और उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना के नेतृत्व में केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन — ने उसी एकता के साथ मिलकर काम किया है जो स्वयं अवशेषों की शिक्षा में निहित है।

**एक ऐसा क्षण जो हम सबका है**

जैसे ही तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेष इस बुधवार लद्दाख पहुँचेंगे, कुछ प्राचीन हलचल करेगा। यह अनुभूति है कि किसी सभ्यता के जीवन में कुछ चीज़ें किसी भी राजनीतिक मौसम के चक्र से बड़ी होती हैं। बुद्ध का करुणा का संदेश उन्हीं चीज़ों में से एक है। उस संदेश के प्रति लद्दाख की निष्ठा भी उन्हीं में से एक है। बुद्ध के आशीर्वाद से लद्दाख के हर घर में शांति आए, सभी समुदायों में सद्भाव हो, और सभी प्राणियों को आध्यात्मिक जागृति मिले। और यह पवित्र प्रदर्शनी हम सभी को — चाहे हमारी आस्था कुछ भी हो, चाहे हम जहाँ भी खड़े हों — याद दिलाए कि मनुष्य की सबसे गहरी आकांक्षा हमेशा एक ही रही है: बिना पीड़ा पहुँचाए जीना, ज्ञान के साथ कार्य करना, और दुनिया को उससे थोड़ा अधिक शांत छोड़ जाना जितनी हमें मिली थी।

बुद्धं शरणं गच्छामि।  
धम्मं शरणं गच्छामि।  
संघं शरणं गच्छामि।

**(लेखक भारत सरकार के केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री हैं।)**

1 मई मजदूर दिवस

# अमर साधना के पुजारियों का दिन

**डॉ.सूर्यकांत मिश्रा ,राजनांदगांव ( छत्तीसगढ़ )**

**" अगणित बार धरा पर मैने स्वर्ग बनाए ।**  
**अंबर पर जितने तारे , उतने वर्षों से ,**  
**मेरे पुरखों ने , धरती का रूप संवारा ।।"**

उपर्युक्त गौरवशाली पंक्तियां राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी ने अपनी कविता - " मै मजदूर मुझे देवों की बस्ती से क्या ? " में श्रमिक वर्ग के हौसलों , मेहनत और महत्व को दर्शाते हुए कहा है - वे मजदूर ही हैं जो अपनी मेहनत से धरती को स्वर्ग बनाते हैं । औरों के लिए सुख - सुविधाएं जुटाते हैं । मै इन लाइनों को इस धरा पर खरा उतरते देख रहा हूं । मै जिस स्थान पर बैठकर आज मजदूर रूपी विश्वकर्मा की व्यथा - कथा लिख रहा हूं , वह कभी बंजर भूमि के अलावा कुछ नहीं था ! इन्हीं मजदूरों ने अपनी हाड़ - तोड़ मेहनत से इसे एक शानदार कॉलोनी का रूप प्रदान किया ! आज वही मजदूर जब गर्मी से बेहाल होकर चंद मिनटों के लिए भवन की आड़ से उत्पन्न छांव में आराम करना चाहता है , तब उस भवन का मालिक झूठी शान के साथ उसे कहीं और जाने के लिए फटकारता नजर आता है ! एक मजदूर ही है जो यह कहने का साहस रखता है कि उसे देवताओं के स्वर्ग अर्थात सुख - सुविधाओं की आवश्यकता नहीं है ! कारण यह कि उसमें स्वयं अपने बाहुबल से धरती पर ही स्वर्ग जैसी सुंदर बस्तियां बनाने की शक्ति है ।

हम आज की बात नहीं करते । सदियों से लिखे गए इतिहास के पन्नों को पलटना चाहते हैं । मजदूरों ने अपने अथक परिश्रम की बदौलत रेगिस्तानों की रेत धोकर , बंजर धरती पर सुनहरे फूल खिलाने का साहस दिखाया है ! इन्हीं मजदूरों ने लोहे की तरह ठोस हिमालय की चट्टानों को चीरकर नदियां बहाई हैं ! क्या हम इसे सहज स्वीकार नहीं कर सकते कि मजदूर खुद अभाव में रहकर भी दूसरों की जरूरतें पूरी करता है ? वही हमें महल बनाकर उसमें चैन से रहने की सुविधा प्रदान करने में महती भूमिका निभाता है ! एक मजदूर वर्ग ही है जो अमर साधना का पुजारी कहा जा सकता है । मजदूर की मेहनत के आगे प्रलय और भूचाल भी नतमस्तक होते देखे गए हैं । वह खंडहरों को फिर से आबाद करने की अथक परिश्रम शक्ति का चलता - फिरता कारखाना है ! राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी की पंक्तियां भी उन्हीं मेहनतकशों को नमन करती हैं, और उनके द्वारा निर्मित सुंदर दुनिया के प्रति आभार व्यक्त करती हैं । देश और दुनिया की प्रगति के सच्चे संवाहक कोई हैं तो वे मजदूर ही हैं ! जरा कल्पना करें कि समाज में मजदूर वर्ग नहीं है ! तब विकास कार्य स्वमेव ही ठप्प हो जाते हैं । वे मजदूर ही हैं जो स्कूल , अस्पताल , सड़कें , पुल , मकान और सारे विकास के मार्ग खोलने वाले निर्माण और परियोजनाओं को लोकार्पण तक अपने पसीनो से सींचा करते हैं ! मजदूर का जीवन एक विडंबनापूर्ण स्थिति है ! वे समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । बावजूद इसके उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जाता है । वे समाज के विकास में रात - दिन मेहनत करते हैं , किंतु उचित सम्मान और मजदूरी आज भी उनसे दूर है ! कागजों और उपस्थिति रजिस्टर में गलत जानकारी भरकर निर्माण एजेंसियां और ठेकेदार उनके हक की कमाई को राजनीतिकारों के संरक्षण में डकार जाते हैं ! अधिकांश दिहाड़ी मजदूरों के लिए सवाल यह नहीं होता



कि -" कल मुझे काम कितने बजे शुरू करना है " , बल्कि यह होता है कि -" कल मुझे काम मिलेगा या नहीं ? " यह अनिश्चितता लगभग मजदूरों के जीवन में तनाव पैदा करती हैं । दूसरी ओर कम मजदूरी और अनिश्चित काम की गारंटी से तनाव का स्तर नकारात्मक स्थिति पैदा करता है । यही दीर्घकालिक चिंता मजदूरों के खराब स्वास्थ्य का कारण बनती है । दिहाड़ी मजदूरों को अपने गांव - घर से दूर अकेले ही काम करना पड़ता है । लंबे समय तक अपने परिवार से दूर रहने के कारण सामाजिक अलगाव और भेदभाव उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर रहे होते हैं । यह ऐसी परेशानी के रूप में सामने आती है , जो कभी समाप्त नहीं होती और समय के साथ अवसाद में परिवर्तित हो जाती है । यही कारण है कि तनाव , अकेलापन और भेदभाव का बोझ बढ़ जाने से मजदूरों का बड़ा वर्ग शराब अथवा नशीली दवाओं का गुलाम बन जाता है । " हम मजदूर भी इंसान हैं साहब ,

**हमें सिर्फ पैसा नहीं , व्यवहार चाहिए ।**  
**अपने मालिक का थोड़ा सा प्यार चाहिए ।।"**

वास्तव में देखा जाए तो देश का ऐसा कोई सपना नहीं जो मजदूरों की हथेलियों और मस्तक से बह रहे पसीनों के बिना पूरा हो सके ! यदि इस दुनिया में मजदूर नाम की बसाहट न होती तो हम न तो हवा - महल देख पाते और न ही ताज - महल की कल्पना कर पाते ! मजदूरों की गैर - मौजूदगी में हर मंजिल हमेशा दूर है । मजदूर की मेहनत ही उसकी लाठी है । इसीलिए वह विकास की नींव है । उसका जीवन समाज के लिए एक सीख है । मजदूर एक ऐसा वर्ग है जिसकी मंजिल खुद उससे दूर रही है ! मजदूर के सपने हमेशा चूर - चूर होते रहे हैं , किंतु वही साहब लोगों के शौक को पूरा करने वाला विश्वकर्मा होता है ! किसी ने बड़े ही सुंदर शब्दों में मजदूरों के साहस को नमन करते हुए लिखा है :-

" थोड़ा कम थका ऐ जिंदगी , मजदूर हूं ,  
मजबूर नहीं ,  
अभी चलना है मुझे बहुत आगे , ये  
मेरा मकाँ नहीं ।।"

भारतवर्ष की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र के मजदूरों पर टिका है , फिर भी यही वर्ग सबसे अधिक उपेक्षित है ! अस्थिर काम , कम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा की कमी इनके जीवन की सच्चाई है ! हर दिन काम की तलाश और अनिश्चित आय इनके संघर्ष को और अधिक संघर्षपूर्ण बना देती है । यह केवल आर्थिक नहीं बल्कि सम्मान और अस्तित्व से जुड़ा संकट है । मजदूर दिवस पर संपूर्ण राष्ट्र और समाज को समृद्धि और खुशहाली में दिए गए श्रमिकों के योगदान को नमन करने से परहेज नहीं करना चाहिए । देश के उत्पादन में वृद्धि और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो मानक हासिल किए गए हैं वे हमारे श्रमिकों के अथक प्रयासों का ही नतीजा है । अतः मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए संपूर्ण राष्ट्र और समाज को सदैव तत्पर रहना चाहिए।

## एक नजर

### जनगणना,सुशासन तिहार और बस्तर मुन्ने पर कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**बीजापुर 1 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में जिले के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में विशेष रूप से जनगणना 2027, सुशासन तिहार और बस्तर मुन्ने कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को कहा कि 30 अप्रैल तक स्व-गणना कार्य पूर्ण कर जनगणना में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। 1 मई से शुरू हो रहे सुशासन तिहार को लेकर कलेक्टर ने शिविरों के सुव्यवस्थित आयोजन पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ सभी विभागों द्वारा जानकारीपरक स्टॉल लगाए जाने के निर्देश भी दिए गए। वहीं बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे सर्वे और सैचुरेशन कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नियमित फील्ड मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने पहले से मॉनिटरिंग कर चुके अधिकारियों से फीडबैक लेकर कार्यों में सुधार लाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के तहत शत.प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुनर्वास केंद्र बीजापुर में स्वास्थ्य शिविर में 79 मरीजों की जांच

**बीजापुर 1 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार पुनर्वास केंद्र बीजापुर में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 79 मरीजों का परीक्षण कर मौके पर ही उपचार प्रदान किया गया। शिविर में बुखार के 5, लूज मोशन के 6, खांसी-जुकाम के 19, त्वचा संक्रमण के 21 तथा अन्य बीमारियों से पीड़ित 18 मरीज शामिल रहे। सभी मरीजों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराते हुए चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मरीजों को साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के संबंध में भी जागरूक किया गया। शिविर के आयोजन से पुनर्वास केंद्र में रह रहे लोगों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिला।

### आधार शिविर को लेकर फैली भ्रांति को दूर करने प्रशासन ने दिया स्पष्टीकरण

**बीजापुर 1 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा जिले में 5-7 वर्ष एवं 15-17 वर्ष आयु वर्ग के लंबित आधार अपडेट कार्यों को पूर्ण करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी के तहत कलेक्टर बीजापुर के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग के समन्वय से विद्यालयों में नवीन आधार पंजीकरण एवं अपडेट शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी बीच इन शिविरों को लेकर यह भ्रांतिपूर्ण जानकारी प्रसारित की जा रही है कि सभी प्रकार के आधार अपडेट निःशुल्क हैं, जिसे प्रशासन ने तथ्यहीन बताया है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नियमानुसार नवीन आधार पंजीकरण सभी आयु वर्ग के लिए हमेशा निःशुल्क है। वहीं, केवल 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष की आयु में पहली बार कराया जाने वाला बायोमेट्रिक अपडेट ही निःशुल्क होता है। इस संबंध में 1 अक्टूबर 2025 से 30 सितम्बर 2026 तक विशेष छूट भी प्रदान की गई है। निर्धारित आयु सीमा में दूसरी बार या छूट अवधि के बाद आधार अपडेट कराने पर निर्धारित शुल्क देय होगा। इसके तहत बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 125 रुपये, डेमोग्राफिक अपडेट के लिए 75 रुपये तथा दस्तावेज अपडेट के लिए 75 रुपये निर्धारित किए गए हैं।

### तेंदूपत्ता सीजन 2026: हड़ताल के बीच शासन का बड़ा फैसला, सेवाएं घोषित हुई आवश्यक

**बीजापुर1 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लचल तेज हो गई है। बीजापुर वनमंडल अंतर्गत तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य 01 मई 2026 से प्रारंभ किया जाना है, लेकिन इससे पहले ही कर्मचारियों और प्रबंधकों द्वारा 8 सूत्रीय मांगों को लेकर 27 अप्रैल 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का संकेत दिया गया था। इस संभावित हड़ताल से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य प्रभावित होने और शासन को करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने त्वरित कदम उठाते हुए 29 अप्रैल 2026 को अहम आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार- तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2026 में संलग्न सभी कर्मचारी एवं प्रबंधक अब अत्यावश्यक सेवाओं के अंतर्गत माने जाएंगे।

# निर्मल निकेतन हाईस्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- दसवीं में शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम
- छात्रा कंचन नाग ने 96.67 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**दंतेवाड़ा 1 मई।** निर्मल निकेतन हाईस्कूल कारली का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहा है। कक्षा में कुल 44 छात्र थे सभी छात्र अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए हैं। छात्रों ने हर साल की तरह इस बार भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गर्व से उंचा किया है। दसवीं की घोषित परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय देते क्लास में टॉप कर स्कूल समेत अपने माता पिता का नाम और मान दोनों उंचा किया है।

विद्यालय की छात्रा कु0 कंचन नाग ने 96.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम अंक प्राप्त किया है। वहीं अक्षत बुरड ने 92.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितिय स्थान प्राप्त किया। वंशिका कंवर ने 91.00 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई है। अन्य मेधावी छात्रों में हर्ष गोलेच्छा 89.17 प्रतिशत तथा साक्षी साहू 88.17 प्रतिशत ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। 90 से 100 प्रतिशत वाले 3 विद्यार्थी, 80 से 90 प्रतिशत वाले 14 विद्यार्थी, 70 से 80 प्रतिशत वाले 12 विद्यार्थी, 60 से 70 प्रतिशत वाले 13 विद्यार्थी वहीं 2 छात्रों ने 60 प्रतिशत से कुछ कम अंक प्राप्त किया है।

विद्यालय प्रबंधन एवं स्कूल के समस्त शिक्षकों ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करना यह दर्शाता है कि इसके पीछे छात्रों का जीतोड मेहनत होता है। हम ऐसे सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हैं जिन्होने दसवीं कक्षा में उच्च अंक प्राप्त कर परिवार एवं स्कूल का नाम गर्व से उंचा किया है। विद्यालय परिवार ने उन सभी अभिभावकों का भी आभार व्यक्त करता है जिनके सहयोग और प्रोत्साहन से छात्रों ने यह उपलब्धि हासिल की है।

# विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर हुई तीखी बहस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 1 मई।** नगर पालिक निगम जगदलपुर के सभा कक्ष में छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 30 के तहत एक विशेष सम्मिलन बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 131वें संविधान संशोधन विधेयक जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के संसद में पारित नहीं होने के संदर्भ में बुलाई गई थी। बैठक का मुख्य उद्देश्य इस विधेयक के विरोध में खड़े लोगों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करना था।



इस बीच विधेयक के पक्ष में एमआईसी सदस्य सहित भाजपा के सभी पार्षद खुलकर सामने आए। इन जनप्रतिनिधियों ने विधेयक के समर्थन में अपनी बात रखते हुए कहा कि यह कानून महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है और इसका विरोध करना महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है।

बैठक के दौरान निगम के पार्षदों के बीच तीखी बहस देखने को मिली। जैसे ही कुछ सदस्यों द्वारा संसद में विपक्ष में बैठे जनप्रतिनिधियों को महिला हितों का विरोधी बताया गया, इतना सुनने पर कांग्रेसी पार्षद सदन से उठकर बाहर चले गए। दरअसल नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण देने से संबंधित एक महत्वपूर्ण संवैधानिक पहल है, जिसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जाता है । इस कानून का उद्देश्य देश की आधी आबादी को राजनीतिक निर्णय प्रक्रिया में अधिक भागीदारी दिलाना और लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करना है।

विशेष सत्र में वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के महत्वपूर्ण विधेयक का पारित न हो पाना न केवल महिलाओं के अधिकारों के लिए बाधा है, बल्कि यह लोकतंत्र की समावेशी भावना के भी विपरीत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह समय राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण और महिला सशक्तिकरण के लिए एकजुट होने का था। बैठक के अंत में निंदा प्रस्ताव रखा गया जो बहुमत के आधार पर पारित किया गया।

## पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने स्वयं भरा जनगणना पत्रक, लोगों को किया प्रेरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 1 मई।** पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा ने जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्वयं अपनी स्व-गणना Self Enumeration पूर्ण की और आम नागरिकों को भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के विकास की आधारशिला है। सही और सटीक आंकड़े ही भविष्य की योजनाओं और नीतियों को दिशा देते हैं, इसलिए हर नागरिक का इसमें सहयोग बेहद जरूरी है। श्री गागड़ा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे जनगणना कार्य को गंभीरता से लें और समय पर अपनी जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आगे आकर डिजिटल माध्यम से स्व-गणना करने का आग्रह किया, ताकि प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बन सके। इस पहल के जरिए उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की कि जब जनप्रतिनिधि स्वयं आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाते हैं, तो समाज में जागरूकता और भागीदारी दोनों बढ़ती हैं। स्थानीय लोगों ने भी उनके इस कदम की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक और प्रेरणादायक पहल बताया।

# सुशासन तिहार में आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार के लिए पेंशन योजना स्वीकृत की गई


**जगदलपुर, 1 मई।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार जन-जन तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित 'सुशासन तिहार' के तहत आज जिले के जनपद पंचायत तोकापाल अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पलवा (बाघनपाल) से एक सुखद तस्वीर सामने आई है, जहां पति की मृत्यु के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रही श्रीमती लालिमा ठाकुर के लिए शासन की योजनाएं एक बड़ा सहारा बनी हैं। अपने पति स्वर्गीय संजय ठाकुर के आकस्मिक निधन के बाद लालिमा ठाकुर और उनके बेटे चंदू ठाकुर के सामने जीवन-यापन का गहरा संकट खड़ा हो गया था। परिस्थितियों के आगे विवश लालिमा ठाकुर ने शासन द्वारा आयोजित 'सुशासन तिहार' में अपनी पीड़ा साझा की और



राष्ट्रीय परिवार सहायता एवं इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत मदद की गुहार लगाई। समाज कल्याण विभाग ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्परता दिखाई और जनपद पंचायत के द्वारा ग्राम पंचायत से संपर्क कर तत्काल लालिमा ठाकुर के आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड और बीपीएल नंबर जैसे जरूरी दस्तावेज मंगवाए। दस्तावेजों के सत्यापन और पात्रता परीक्षण के पश्चात विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें पेंशन योजना की स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इस त्वरित राहत से अपनी खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चलाए जा रहे सुशासन तिहार के माध्यम से उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण हो गया। लालिमा ठाकुर और उनके पुत्र चंदू ठाकुर ने इस मानवीय पहल और समय पर मिली आर्थिक सहायता के लिए छत्तीसगढ़ सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## नगर पालिका की लापरवाही से डिवाइडर में लगे महंगे पौधे सूख रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली 1 मई।** नगर पालिका क्षेत्र में लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है। शहर के मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण के दौरान बनाए गए डिवाइडरों में लगाए गए पौधे अब देखभाल के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा लगाए गए इन पौधों को नियमित रूप से पानी नहीं दिया जा रहा है। भीषण गर्मी के चलते पौधों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। कई पौधे पूरी तरह सूख चुके हैं, जबकि बाकी मुरझाने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, इन पौधों की कीमत लगभग 1000 से 1500 रुपये प्रति पौधा बताई जा रही है, जिन्हें सरकारी खर्च से लगाया गया था। इसके बावजूद उनकी देखभाल में लापरवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि पौधारोपण केवल औपचारिकता बनकर रह गया है, जबकि संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते पौधों को पानी और देखभाल नहीं मिली, तो न सिर्फ सरकारी धन की बर्बादी होगी बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचेगा। वहीं, इस संबंध में नगर पालिका के सीएमओ का कहना है कि पौधों को नियमित रूप से पानी दिया जा रहा है। साथ ही, एग्रीकल्चर विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया है, जो पौधों की स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाएंगे। अब देखने वाली बात यह होगी कि नगर पालिका इस समस्या का स्थायी समाधान निकाल पाती है या नहीं।

# बाल विवाह रोकथाम एवं बाल अधिकारों की रक्षा में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका:नरेंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 1 मई।** ग्राम पंचायत पोड़ागुड़ा में बस्तर सामाजिक जन विकास समिति द्वारा संचालित चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम बस्तर के अंतर्गत क्लस्टर स्तर पर ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति का प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संस्था के सचिव डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें जगदलपुर विकासखंड के 12 ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति बस्तर के अध्यक्ष नरेंद्र पाणिग्राही एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. विजय शंकर शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर नरेंद्र पाणिग्राही ने बच्चों के अधिकारों एवं बाल विवाह की रोकथाम में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर सक्रिय निगरानी और जन-जागरूकता से बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि पंचायतें न केवल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं,




बल्कि समुदाय को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करने में भी अहम भूमिका निभाती हैं। वहीं जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. विजय शंकर शर्मा ने प्रजेंटेशन के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों को किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम एवं अन्य बाल संरक्षण विषयों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना समाज और पंचायत की सामूहिक जिम्मेदारी है। पंचायत स्तर पर सतर्कता और सही जानकारी होने पर बच्चों से जुड़े शोषण, उपेक्षा एवं अन्य समस्याओं को समय रहते रोका जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बाल संरक्षण, बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम, मानव तस्करी, नशा मुक्ति तथा बाल विवाह रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में फील्ड ऑफिसर डॉ. नारायण दास पंथ, फील्ड कोऑर्डिनेटर हरिमोहन रॉय एवं रामेश्वर जोशी, तथा कम्युनिटी मोबिलाइजर्स विनोद साहू, सुचित्रा पॉल, जामली कर्मा, गुड़िया मौर्य, ज्योत्सना प्रधान, खुशबू बघेल, तनुजा सलाम एवं सरिता बघेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके अतिरिक्त संस्था के सियाराम नेताम, थबीर सिंह, मनीषा कश्यप, भूमिका, रुचिका यादव, सुखविंदर कौर, संतोष पटेल, निलेश भारती, सूरज नाग, कमल यादव एवं रामेश्वर ध्रुव सहित अन्य स्टाफ का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण तंत्र को सशक्त बनाने, समुदाय में जागरूकता बढ़ाने तथा बच्चों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई।

### नजूल जमीन पर मकान निर्माण को लेकर महिलाओं में हुई मारपीट

**जगदलपुर, 1 मई।** जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र में नजूल जमीन पर बने मकान को लेकर आज गुरूवार सुबह बड़ा विवाद सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार एक महिला पिछले कई वर्षों से अपनी पांच बेटियों के साथ करीब ढाई सौ वर्ग फीट के कच्चे मकान में रह रही थी। परिवार ने कच्चे मकान को पक्का बनाने का काम शुरू किया, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि क्षेत्र की भाजपा महिला पार्षद ने निर्माण कार्य रुकवा दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि महिलाएं आपस में भिड़ गईं और एक-दूसरे के बाल खींचकर जमकर मारपीट हुई। घटना के बाद दोनों पक्ष बोधघाट थाना पहुंचे, जहां एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वहीं इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## केंद्र सरकार का ओबीसी समाज को जानबूझकर नजरअंदाज करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण: अनुराग महतो

**जगदलपुर1 मई।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर महामंत्री अनुराग महतो ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा केंद्र सरकार द्वारा ओबीसी समाज को जानबूझकर नजरअंदाज करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है जातिगत जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम/कालम कोड नहीं देने का विरोध करना केंद्र सरकार की ओबीसी विरोधी चेहरा उजागर होता प्रतीत हो रहा है केंद्र सरकार ने 2026-27 की आगामी जनगणना में जातिगत गणना शामिल करने का ऐलान तो कर दिया, लेकिन ओबीसी समाज के साथ फिर से अन्याय किया जा रहा है। जनगणना फॉर्म में स्ट और स्ञ के लिए अलग कॉलम तो रखा गया है, लेकिन ओबीसी वर्ग के लिए कोई अलग कॉलम या स्पष्ट कालम कोड नहीं दिया गया है। यह ओबीसी समाज को जानबूझकर नजरअंदाज करने और उनके सही आंकड़ों को छिपाने की कोशिश है।ओबीसी समाज देश की आबादी का सबसे बड़ा हिस्सा है। बिहार जैसे राज्यों के सर्वे में ओबीसी और EBC मिलाकर 60% से अधिक आबादी सामने आई है। यदि केंद्र सरकार जातिगत जनगणना कर भी रही है, तो ओबीसी के लिए अलग से कॉलम और स्पष्ट कोड दिए बिना यह गणना अधूरी और पक्षपाती होगी। इससे ओबीसी वर्ग को उनके वास्तविक अनुपात में आरक्षण, शिक्षा, रोजगार और विकास योजनाओं में न्याय नहीं मिल पाएगा। शहर जिला कांग्रेस महामंत्री अनुराग महतो ने आगे कहा सरकार से हमारी स्पष्ट मांग हैं कि जातिगत जनगणना फॉर्म में ओबीसी वर्ग के लिए अलग कॉलम तुरंत जोड़ा जाए ओबीसी की सभी उप-जातियों के लिए स्पष्ट कालम कोड सुनिश्चित किया जाए, ताकि सटीक गणना हो सके।केंद्र और राज्य ओबीसी सूचियों को मिलाकर एक व्यापक कोड डायरेक्टरी तैयार की जाए।50त्न आरक्षण की सीमा हटाकर ओबीसी समाज को उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षण दिया जाए।जनगणना की प्रक्रिया में कोई राजनीतिक हस्तक्षेप न हो और ओबीसी समुदाय को पूर्ण न्याय मिले।यह केंद्र सरकार का ओबीसी समाज के प्रति पूर्वाग्रह है।

# बोर्ड परीक्षा में बीजापुर जिले ने रचा कीर्तिमान,प्रदेश में अव्वल

- 10वीं बोर्ड में 96.06 और 12वीं बोर्ड में 95.03 प्रतिशत परीक्षार्थी हुए सफल
- जिला प्रशासन की पहल और लक्ष्य आधारित परिणाम से मिली कामयाबी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 1 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 2026 के परीक्षा परिणाम में बीजापुर जिला ने ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए प्रदेश भर में पहला पायदान प्राप्त करने में कामयाबी पाई है। वर्ष 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में 10वीं बोर्ड परीक्षा में पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करते हुए 96.06 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए जो जिले की शिक्षा में सफलता का एक



ऐतिहासिक कीर्तिमान है। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 95.03 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए जिसमें जिले का स्थान राज्य में दूसरे स्थान पर रहा।

29 अप्रैल को राज्य में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवी और बारहवी बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित हुए तो यह दिन जिले के इतिहास में एक उपलब्धि भरा दिन साबित हुआ। जिले



के बच्चों ने पहली बार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य में पहला स्थान प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बारहवीं बोर्ड परीक्षा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बीजापुर के छात्र अंकित मोरला ने 90.20 प्रतिशत अंक के साथ जिले में पहला स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 10वीं में नवीन कन्या हाईस्कूल बीजापुर के छात्र अनिल कुमार मज्जी ने 93.50 अंको के साथ पहला स्थान पर काबिज हुए।

बीजापुर जिले की इस शैक्षणिक उपलब्धियों की सफलता में जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग की संयुक्त और समन्वित रणनीति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सत्र की शुरूआत में ही कलेक्टर संबित मिश्रा ने परीक्षाओं की तैयारी पर व्यापक और सूक्ष्म कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए जिसके फलस्वरूप परिणाम को बेहतर करने वार्षिक कैलेण्डर तैयार किया गया। सभी स्कूलों में प्री-बोर्ड की तर्ज पर हर दूसरे महिने प्री-बोर्ड परीक्षाएं आयोजित कर परिणाम की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। विषय विशेषज्ञ शिक्षओं की कमी की समस्या को दूर करने स्थानीय स्तर पर डीएमएफफंड से 48 शिक्षा मितान की नियुक्ति की गई। प्रत्येक स्कूल में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा साप्ताहिक मॉक टेस्ट आयोजित कर परिणाम के आधार पर कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाई गई। रिमीडियल क्लास के माध्यम से बच्चों की समस्याओं का समाधान कर उन्हे बेहतर अंक लाने हेतु सुझाव दिए गए। प्री-बोर्ड के परिणाम की समीक्षा में व्याख्याताओं के अकादमीक प्रदर्शन की समीक्षा मासिक बैठकों के माध्यम से की गई जिसमें उनके समस्याओं की जानकारी लेकर बेहतर परिणाम लाने प्रोत्साहित किया गया। प्री-बोर्ड के लिए जिला स्तर पर एक्जाम सेल बनाकर ब्लूप्रिंट के जरिए प्रश्न पत्र तैयार किये गये और उत्तर पुस्तिकाओं की जांच अंतर विद्यालय स्तर पर की गई। उपरोक्त रणनितियों और प्रयासों के फलस्वरूप जिले के स्कूलों में सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ जिसके कारण बीजापुर जिला 10वीं बोर्ड में पहले स्थान पर और 12वीं बोर्ड दूसरे स्थान पर आने में सफल हुआ।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में लोगों को मिल रही सीधी राहत

# समाधान योजना से जिले के उपभोक्ताओं को बिजली बिल में मिली करोड़ों की छूट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 1 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन की सुशासन नीति का प्रभाव अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई दे रहा है। आम नागरिकों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत रायगढ़ जिले में बड़ी संख्या में उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 12 मार्च 2026 को किया गया था जो 30 जून 2026 तक प्रभावशील रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पात्र हितग्राहियों तक इसका लाभ तेजी से पहुंचाया जा रहा है।




योजना के अंतर्गत सभी घरेलू बीपीएल उपभोक्ता एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ता, जिनका मार्च 2023 तक बिजली बिल बकाया है, या जिनका पूर्व में बकाया राशि के कारण स्थायी विच्छेदन हो चुका है, उन्हें पात्र माना गया है। हालांकि जिन उपभोक्ताओं के न्यायालयीन प्रकरण लंबित हैं, उन्हें इस योजना में शामिल नहीं किया गया है। इस महत्वाकांक्षी योजना में उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए बकाया राशि पर लगने वाले ब्याज को पूरी तरह 100 प्रतिशत माफ किया जा रहा है, वहीं मूलधन में भी श्रेणी अनुसार अधिकतम 75 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। इससे वर्षों से लंबित बिजली बिल का बोझ झेल रहे उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है। रायगढ़ जिले में इस योजना के तहत कुल 51,407 सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ता पात्र हैं, जिनकी कुल बकाया राशि 81.06 करोड़ रुपए है। जिला प्रशासन के सतत प्रयासों और जनजागरूकता के चलते अब तक 47,944 उपभोक्ताओं ने पंजीयन करा लिया है। इनमें से हितग्राहियों को अब तक कुल 38.72 करोड़ रुपए की छूट प्रदान की जा चुकी है, जो योजना की सफलता को दर्शाता है।

कार्यपालन अभियंता श्री नरेंद्र नायक ने बताया कि योजना का लाभ अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गाँव-गांव में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों के घर पहुंच कर योजना के बारे में बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पात्र उपभोक्ता समय रहते पंजीयन कराकर इस छूट का लाभ अवश्य लें, जिससे उनका बकाया भार कम हो सके और विद्युत सेवाएं भी सुचारू रूप से जारी रह सकें। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सक्रिय उपभोक्ता अपने मोबाइल फोन के माध्यम से मोर बिजली ऐप पर पंजीयन कर सकते हैं या अपने नजदीकी विद्युत वितरण केंद्र में जाकर भी आवेदन कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा शिविरों और जनसंपर्क माध्यमों के जरिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। रायगढ़ जिला प्रशासन की सक्रियता और बेहतर क्रियान्वयन के कारण यह योजना जिले में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर रही है। इस अभियान से उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिल रही है।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 10 मई को

**जगदलपुर, 1 मई ।** छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए राज्य शासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश की तैयारी शुरू हो गई है। इन विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट और एनडीए में सफल होने के लिए गहन प्रशिक्षण देना है।

## एक नजर

### प्रयास आवासीय विद्यालय-कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा तिथि निर्धारित

**रायगढ़, 1 मई।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु प्राक्कयन परीक्षा की तिथि, परीक्षा का समय एवं प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के अनुसार प्रवेश पत्र डाउनलोड की तिथि 1 से 10 मई 2026 तक (10 मई को प्रातः 9.30 बजे तक), प्राक्कयन परीक्षा की तिथि 10 मई को ओएमआर सीट भरना प्रातः 9.30 बजे से प्रातः 10 बजे तक तथा प्राक्कयन परीक्षा प्रारंभ प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु लिंक https://eklavya.cg.nic.in है। विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने संबंधी कोई समस्या होने पर जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।उल्लेखनीय है कि प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने सघन तैयारी की जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है।

### विशेष लोक अदालत 26 के लिए 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन

**रायगढ़, 1 मई ।** न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से घर-घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति के माध्यम से न्याय की भावना को साकार करने के उद्देश्य से भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 का आयोजन अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया गया है। इस पहल की परिणति 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ होगी। इस समाधान समारोह का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति के आधार पर त्वरित निष्पादन करना है।विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति कार्यालय में किया जाएगा। समाधान समारोह के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

### पद्म पुरस्कार-27 के लिए 6 जुलाई तक नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित

**रायगढ़, 1 मई।** गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों-पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री के लिए 6 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। भारत सरकार का उद्देश्य इन पुरस्कारों के माध्यम से समाज के उन गुमनाम और अनछुए नायकों को पहचान दिलाना है, जो सुदूर वनांचल, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में रहकर समाज सेवा, कला, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। जिला स्तर पर प्राप्त प्रस्तावों को कलेक्टर के माध्यम से अनुशंसा सहित शासन को भेजा जाएगा।

### जिले के पांडुलिपि विरासत संरक्षण अभियान में आई तेजी

**राजिम, 1 मई।** भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय के महत्वपूर्ण पहल ज्ञान भारतम् पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के लिए सर्वेक्षण अभियान का कार्य जिले के 324 ग्राम पंचायतों एवं 6 नगरीय निकायों में लगातार किया जा रहा है। इसी कलेक्टर श्री बीएस उइके ने जिले के नागरिकों से इस पहल में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा है कि 70 वर्ष या उससे अधिक पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपियों की जानकारी प्रशासन अवगत कराएं। जिसे और व्यवस्थित रूप से सहेज सकें।इसी क्रम में कलेक्टर श्री बीएस उइके ने आज ग्राम कोईचमुड़ा के 75 वर्षीय डमरूराम नागेश के घर जाकर उड़िया भाषा में लिखे गए दुर्लभ तालपत्रों का निरीक्षण किया, जो उनके परदादा विद्याधर मांझी द्वारा लिखित लगभग एक सदी पूर्व रखे गए थे। उन्होंने बताया कि उनके यहां हस्तलिखित 367 पन्नों पर आधारित 6 अलग-अलग खंडों के तालपत्रों में ज्योतिष शास्त्र जिसमें 122 पेज, बीजगणित मंत्र 68 पेज, हरिशचंद्र व्रत कथा 44 पेज, वास्तुशास्त्र (शुभ-अशुभ) 53 पेज, हनुमान प्रसंग 50 पेज एवं हरिश्चंद्र (चक्रव्यूह से व्याधि हटाने का मंत्र) 30 पेज से संबंधी महत्वपूर्ण तालपत्र अभिलेख शामिल है। उन्होंने बताया कि उनके बाप-दादा पुराने समय में इसी अभिलेख के आधार पर विभिन्न कार्यों पर विचार किया जाता था।

# तीन दिवसीय चिकित्सा शिविर में 22 मरीजों का हुआ निःशुल्क ऑपरेशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 1 मई।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में कुष्ठ रोग की पहचान, उपचार एवं पुनर्वास को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय, रायगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय विशेष कुष्ठ विकृति सुधार शल्य चिकित्सा शिविर के माध्यम से मरीजों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया। साथ ही मेडिकल कॉलेज के लेक्चर हॉल में कुष्ठ रोग विषय पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे, अधिष्ठाता डॉ. संतोष कुमार, अस्पताल अधीक्षक डॉ. दुर्गा शंकर पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. दिनेश पटेल सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।सेमिनार में जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अविनाश चंद्रा, नोडल अधिकारी डॉ. सुमित मंडल, डॉ. कैनन डेनियल, सुश्री गायत्री ध्रुव एवं सुश्री रेखा राठौर सहित मेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर्स, मेडिकल छात्र एवं नर्सिंग स्टाफ की सहभागिता रही।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारत सरकार के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉ. के. एम. कांबले (आर.एल.टी.आर.आई., रायपुर) ने कुष्ठ रोग के लक्षणों की पहचान, समय पर जांच एवं उपचार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक अवस्था में रोग की पहचान होने पर गंभीर विकृतियों से बचा जा सकता है। विशेष शल्य चिकित्सा शिविर के दौरान पिछले 3-4 दिनों में कुष्ठ रोग से प्रभावित 22 मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। इनमें ऐसे मरीज शामिल थे जिनके हाथों की उंगलियां मुड़ गई थीं, जिससे वस्तु पकड़ने में कठिनाई होती थी, तथा कुछ मरीज चलते समय पैर को ठीक से उठा नहीं पाते थे, जिससे चलने में परेशानी होती थी। ऑपरेशन के बाद मरीजों के बेहतर पुनर्वास के लिए फिजियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे हाथ-पैर की कार्यक्षमता में सुधार सुनिश्चित किया जा सके। जिले में स्वास्थ्य विभाग, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से कुष्ठ उन्मूलन अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे मरीजों को समय पर उपचार और राहत मिल रही है।

## जनगणना-2027 को सफल बनाने नुक्कड़ नाटक और एलईडी के जरिए लोगों का किया जा रहा जागरूक

**रायगढ़, 1 मई।** जनगणना-2027 के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत 02 मई तक जिले के विभिन्न अनुविभागों में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनगणना के प्रति जनजागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज रेलवे स्टेशन चौक रायगढ़ में नुक्कड़ नाटक, एलईडी स्क्रीन प्रदर्शन तथा पाम्पलेट वितरण के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने जनगणना के महत्व, प्रक्रिया एवं नागरिकों की भूमिका को सहज और रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं एलईडी स्क्रीन के जरिए स्व-गणना, मकान सूचीकरण एवं जनसंख्या गणना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां सरल भाषा में प्रदर्शित की गईं, जिससे आमजन को प्रक्रिया को समझने में आसानी हुई। अभियान के अंतर्गत बताया गया कि जनगणना-2027 दो चरणों में संपन्न की जाएगी और यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से पूरी होगी। जनगणना का प्रथम चरण 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसमें प्रगणक एवं पर्यवेक्षक द्वारा मकानों की गणना तथा मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके पश्चात द्वितीय चरण (फरवरी 2027) में जनसंख्या की वास्तविक गणना की जाएगी।

### 10 वीं व12वीं बोर्ड परीक्षा में जिले के छात्र-छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# जिले के बोर्ड परीक्षा के टॉपरों को कलेक्टर,सीईओ,एसपी ने गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी

**रायगढ़, 1 मई ।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में रायगढ़ जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के टॉप-10 में अपनी जगह बनाई है। जिले से कुल 8 विद्यार्थियों ने टॉप टेन में स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है, जिनमें कक्षा 10वीं से 2 एवं कक्षा 12वीं से 6 विद्यार्थी शामिल हैं। इस उपलब्धि से पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। आज इन सभी मेधावी विद्यार्थियों ने जिला कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर अधिकारियों ने विद्यार्थियों को गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी इसी लगन और मेहनत के साथ विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वी.राव सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



विद्यार्थियों ने चर्चा के दौरान अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन को दिया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छाल के कृष महंत ने कक्षा 12वीं में 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में तृतीय स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। ग्राम कुरु के निवासी कृष शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महापल्ली के लोकनाथ मेहर ने 97.20 प्रतिशत अंकों के साथ छठवां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने बताया कि वे प्रतिदिन 7 से 8 घंटे स्वअध्ययन करते थे।

महेंद्र सिंह पटेल मेमोरियल आदर्श विद्यालय, नंदेली की शीतल साहू ने 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर आठवां स्थान हासिल किया। शीतल का सपना आईएएस अधिकारी बनना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया। उनके पिता ड्राइवर हैं और उन्होंने सीमित संसाधनों में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी की। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरकेला की बबीता पटेल ने 96.60 प्रतिशत अंकों के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया। किसान परिवार से आने वाली बबीता नियमित रूप से प्रतिदिन 6 घंटे अध्ययन करती थीं और उनका लक्ष्य भी आईएएस अधिकारी बनना है। सेजेस खरसिया की लिसिका वर्मा ने 96.60 प्रतिशत के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया। वे भविष्य में इंजीनियर बनना चाहती हैं। वहीं प्रज्ञा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सोण्डका की कुमारी अंजली झा ने 96.40 प्रतिशत के साथ दसवां स्थान प्राप्त किया और उनका लक्ष्य भी इंजीनियर बनना है।

### कक्षा 10वीं में भी शानदार प्रदर्शन

कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में भी रायगढ़ जिले के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महलोई की छात्रा गिरिजा प्रधान ने 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने रटने के बजाय विषयों को समझकर पढ़ाई की, जिससे यह सफलता मिली। पीएम श्री सेजेस घरघोड़ा स्कूल के छात्र एहसान अली ने 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया। उनका लक्ष्य डॉक्टर बनना है। उन्होंने नियमित रूप से 5 से 6 घंटे अध्ययन कर यह उपलब्धि हासिल की। इन विद्यार्थियों की सफलता न केवल उनके परिवार और विद्यालय के लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक है। सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ संकल्प, अनुशासन और निरंतर प्रयास से सफलता प्राप्त की जा सकती है, यह इन होनहारों ने सिद्ध कर दिखाया है।

# विधायक के प्रयासों से बेलटुकरी में 50 लाख के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,1 मई।** क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई देने के संकल्प के साथ राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू ने ग्रामीणों को एक बड़ी सौगात दी है। बेलटुकरी से किरवई मार्ग पर बेलटुकरी गायत्री मंदिर से लेकर पंचायत भवन तक (किमी 4/2 से 4/6) बहुप्रतीक्षित सीसी रोड सह नाली निर्माण के लिए शासन ने लगभग 50 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। वर्षों से जर्जर सड़क और जलभराव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए यह खबर किसी बड़े सौगात से कम नहीं है। इस स्वीकृति के बाद से ही पूरे गांव में हर्ष का माहौल है और ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों के सालों का इंतजार अब खत्म होगा। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गायत्री मंदिर से पंचायत भवन तक का मार्ग काफी संकरा और कच्चा होने के कारण बरसात में आवागमन दूभर हो जाता था। नाली न होने से घरों का पानी सड़क पर बहता था। अब सीसी रोड और नाली बनने से यातायात सुगम होगा और गांव में स्वच्छता का स्तर भी सुधरेगा।

इस स्वीकृति पर हर्ष प्रकट करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को चरितार्थ कर रही है। राज्य सरकार ने बजट में ग्रामीण अधोसंरचना को प्राथमिकता देते हुए यह सिद्ध कर दिया है कि विकास अब हर द्वार तक धरातल पर उतर रही है। उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के त्वरित निर्णयों और वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी के कुशल वित्तीय प्रबंधन के कारण ही आज प्रदेश के दूरस्थ अंचलों में करोड़ों के निर्माण कार्य स्वीकृत हो रहे हैं। बेलटुकरी का यह सीसी रोड प्रदेश सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जहाँ गांव के विकास को ही राज्य की प्रगति का पैमाना माना गया है। बेलटुकरी की गलियों में धूल और कीचड़ का दौर अब समाप्त होने वाला है। जब मैं चुनाव के दौरान आपके बीच आया था, तब मैंने आपकी आंखों में इस सड़क के लिए एक उम्मीद देखी थी। आज उस वादे को पूरा करते हुए मुझे आत्मिक संतोष हो रहा है। हमारा लक्ष्य सड़क बनाने के साथ ही विकास की मुख्यधारा को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। यह 50 लाख रुपए की राशि बेलटुकरी के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। विकास का यह पहिया अब थमेगा नहीं, राजिम विधानसभा का हर गांव अब चमकता नजर आएगा। अब अतिशीघ्र इस विकास कार्य का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ भी किया जाएगा ।



# खारुन नदी में डुबने से युवक की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 1 मई।** खारुन नदी में की डूबने से मौत हो गई रायपुर से अपने दोस्तों के साथ घूमने आया युवक नदी में नहाते समय गहरे पानी में चला गया था घटना के बाद दोस्तों ने स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी घटना अम्लेश्वर थाना क्षेत्र की है मृतक की पहचान मोहम्मद मोहिउद्दीन (19 साल ) निवासी मौदहापारा, रायपुर के रूप में हुई है जानकारी के अनुसार मोहिउद्दीन अपने चार दोस्तों के साथ अम्लेश्वर घूमने आया था शाम को सभी खारुन नदी में नहाने उतरे, तभी मोहिउद्दीन गहराई में चला गया और डूब गया। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके घटना की सूचना मिलते ही अम्लेश्वर थाने पुलिस मौके पर पहुंची दुर्ग कंट्रोल रूम के माध्यम से एसडीआरएफ टीम को अलर्ट किया गया एसडीआरएफ की टीम गुरुवार रात करीब 9 बजे घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन अंधेरा अधिक होने और नदी की जोखिमपूर्ण स्थिति के कारण रात में सर्चिंग अभियान शुरू नहीं किया जा सका घटनास्थल से 30 मीटर दूर मिली लाश शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। डीप डाइविंग एक्सपर्ट ओंकार और भानुप्रताप ने नदी में सर्चिंग की। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह करीब 7 बजे युवक का शव घटनास्थल से लगभग 30 मीटर दूर पानी में मिला। एसडीआरएफ टीम ने शव को बाहर निकालकर अम्लेश्वर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी एसडीआरएफ एनडीआरएफ कमांडेंट नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम को तत्काल रवाना किया गया था। रात में परिस्थितियां अनुकूल नहीं होने के कारण सर्चिंग रोकनी पड़ी, लेकिन सुबह व्यवस्थित तरीके से अभियान चलाकर शव बरामद कर लिया गया।



# सुशासन तिहार के शिविरों में बैंक आधार सीडिंग और ई-केवाईसी की विशेष सुविधा 4 मई से 10 जून तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 1 मई ।** सुशासन तिहार 2026 के तहत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में इस बार आमजन के लिए बड़ी राहत की व्यवस्था की जा रही है। सभी शिविरों में बैंक आधार सीडिंग और ई-केवाईसी कराने के लिए अलग से विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। इससे महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न राष्ट्रीय पेंशन योजना हितग्राहियों को सीधा लाभ मिलेगा, जिनके बैंक खाते अभी आधार से लिंक नहीं हैं या जिनकी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई है। शिविर में इसके अलावा सभी विभागों का स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें आम नागरिक, ग्रामीण, किसान, माताएं शिविर में पहुंचकर अपने समस्या से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके अलावा पीएम आवास योजना, नरेगा जॉब कार्ड, एनआरएलएम, स्वच्छ भारत मिशन जैसे राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ लेने के लिए के सकते है।



प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार 2026 की तैयारियों के लिए आज जिले के प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने इस अभियान की व्यापक प्रचार प्रसार करने, दीवार लेखन कराने और कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रायगढ़ जिले में 4 मई से 10 जून 2026 तक विकासखंडवार 5 चरणों में कुल 27 जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों का मौके पर समाधान करना और शासन की योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंचाना है। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर समस्याओं का त्वरित निराकरण करेंगे और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग शिविरों में पहुंचकर लाभ उठा सकें। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।बता दे कि प्रथम चरण में 4 मई को धरमजयगढ़ विकासखंड के खम्हार में, 5 मई को रायगढ़ के लोईंग में, 6 मई को लैलूंगा के झगरपुर में, 7 मई को पुसौर के औरदा में, 8 मई को खरसिया के सरवानी में, 11 मई को घरघोड़ा के घरघोड़ी में तथा 12 मई को तमनार के कुंजेमूरा में शिविर आयोजित होंगे। द्वितीय चरण में 13 मई को धरमजयगढ़ के हाटी, 14 मई को रायगढ़ के टारपाली, 15 मई को लैलूंगा के राजपुर, 18 मई को पुसौर के कलमी, 19 मई को खरसिया के दर्री तथा 20 मई को तमनार के जरेकेला में शिविर लगाए जाएंगे। तृतीय चरण में 21 मई को धरमजयगढ़ के बायसी कॉलोनी, 22 मई को रायगढ़ के कांशीचुआ, 25 मई को लैलूंगा के नारायणपुर, 26 मई को पुसौर के बड़े भंडार, 28 मई को खरसिया के फरकानारा तथा 29 मई को तमनार के धौराभांठा में शिविर आयोजित किए जाएंगे। चतुर्थ चरण में 1 जून को धरमजयगढ़ के बाकारूमा, 2 जून को रायगढ़ के तारापुर, 3 जून को लैलूंगा के ढोरोंबीजा, 4 जून को खरसिया के छोटे मुड़पार तथा 5 जून को धरमजयगढ़ के छाल में शिविर लगाए जाएंगे। पंचम एवं अंतिम चरण में 8 जून को घरघोड़ा के कया, 9 जून को पुसौर के देवलसुर्रा तथा 10 जून को धरमजयगढ़ के कापू में अंतिम शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें।

## एक नजर

### खनिज एवं राजस्व विभाग ने खनिजों का अवैध परिवहन करने पर 2 हाईवा जब्त किए



राजनांदगांव 1 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा गस्त कर खनिजों का अवैध परिवहन करने संयुक्त कार्रवाई की गई। प्रदीप साहू के स्वामित्व के हाईवा सीजी 08 बीबी 7116 द्वारा ग्राम मनकी निवासी वाहन चालक पोषण लाल साहू द्वारा चूना पत्थर व गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना डोंगरगांव को सुपुर्द किया गया। इसी तरह सौरभ सिंह ठाकुर के स्वामित्व के हाईवा सीजी 08 एएक्स 4456 द्वारा ग्राम जंतर निवासी वाहन चालक प्रीतराम द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस लाईन राजनांदगांव को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

### महापौर मधुसूदन यादव के प्रयासों से नई पाइपलाइन विस्तार कार्य शुरू: आशीष डोंगरे

राजनांदगांव 1 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर पालिक निगम के लोकप्रिय महापौर मधुसूदन यादव के अथक प्रयासों से लखोली क्षेत्र के सेठी नगर और आसपास के वार्डवासियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। लखोली गंज चौक से सेठी नगर तक 8 एमएम की नई पाइपलाइन विस्तार कार्य प्रारंभ हो गया है जिससे क्षेत्र में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान होने की उम्मीद जताई जा रही है। पूर्व पार्षद प्रतिनिधि एवं भाजपा युवा नेता आशीष डोंगरे ने इस कार्य को जनहित में बेहद सराहनीय बताते हुए कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से लोग परेशान रहते हैं ऐसे समय में महापौर मधुसूदन यादव द्वारा पाइपलाइन विस्तार कार्य शुरू कराया जाना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी सौगात है। इससे न केवल वर्तमान गर्मी में राहत मिलेगी बल्कि आने वाले समय में भी सेठी नगर लखोली और आसपास के लोगों को जल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि महापौर यादव लगातार शहर के विकास और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि वार्ड क्रमांक 36 में पानी जैसी महत्वपूर्ण समस्या के समाधान की दिशा में ठोस पहल की गई है। नई पाइपलाइन बिछने से क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी और नागरिकों को नियमित पानी उपलब्ध हो सकेगा।

# बृजमोहन अग्रवाल ने दी जन्मदिन और मजदूर दिवस पर सौगात

■ **500 श्रमिकों को मिली साइकिल और सम्मान**



**रायपुर 1 मई।** मजदूर दिवस की पूर्व संध्या और अपने जन्मदिन के पावन अवसर से पूर्व वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और श्रमिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल द्वारा आयोजित भव्य 'हितग्राही सम्मान समारोह' में श्री अग्रवाल ने लगभग 500 महिला एवं पुरुष श्रमिकों को साइकिल खरीदी के लिए 17 लाख रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की। समारोह में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रमिकों को लाभान्वित किया गया, रायपुर जिले के 372 लाभार्थी जिसें 291 पुरुष और 81 महिलाएं शामिल हैं इसके अलावा रायगढ़ से 20 पुरुष 3 महिला, दुर्ग से 25 पुरुष, बलौदा बाजार से 12 पुरुष, कोरबा से 9 पुरुष, धमतरी और राजनांदगांव से 6 पुरुष तथा जांजगीर चांपा से 1 पुरुष लाभार्थी शामिल है

**श्रमिकों के उत्थान के लिए समर्पित एक व्यक्तित्व:** समारोह के दौरान श्री बृजमोहन अग्रवाल ने 500 हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से चेक प्रदान किया। प्रत्येक श्रमिक के खाते में करीब 3,697 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की गई। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि साइकिल मिलने से मजदूरों की श्रम शक्ति का विकास होगा और उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा।

**विरासत जो आज भी बदल रही है जीवन:** छत्तीसगढ़ में आज श्रमिक कल्याण की जो स्वर्णिम तस्वीर दिखती है, उसकी नींव श्री बृजमोहन अग्रवाल ने ही अपने कार्यकाल के दौरान रखी थी। वर्ष 2003 से 2008 के बीच श्रम मंत्री रहते हुए उन्होंने जो जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की थीं, उनका लाभ आज भी प्रदेश के लाखों मजदूरों को मिल रहा है। आज छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल द्वारा संचालित 14 प्रमुख योजनाएं उन्हीं की दूरगामी सोच का परिणाम हैं। न्यूनतम वेतन, पीएफ, बीमा और स्वास्थ्य जैसी मौलिक सुविधाओं को प्राथमिकता देना उनकी नीतियों का मुख्य हिस्सा रहा है।

**जन्मदिन पर मिला 'विकास का उपहार':** कल 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस है, जो श्री बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिवस भी है। अपने जन्मदिन से ठीक पहले श्रमिकों को यह बड़ी आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि उनके लिए जनता की सेवा ही सबसे बड़ा उत्सव है।

श्री अग्रवाल ने समस्त श्रमिक वर्ग को मजदूर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत कड़ी बताया। छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल ने इस अवसर पर उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रमिकों का सच्चा हितैषी करार दिया। कार्यक्रम में श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन शामिल नहीं हो सके, उनके अलावा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष श्री योगेश दत्त मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष सनिर्माण कर्मकार मंडल श्री मोहन एंटी, पूर्व अध्यक्ष मत्स्य महासंघ श्री राम कृष्ण धीवर समेत ऑटो संघ रायपुर स्टेशन यूनियन, सिल्तरा औद्योगिक क्षेत्र मजदूर संघ, उरला औद्योगिक क्षेत्र मजदूर संघ के 500 से अधिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### मेहनत और कृषि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन के बल पर

# ग्राम जवाली के किसान राम कुमार ने लिखी समृद्धि की नई कहानी

रायपुर,1 मई। बदलती कृषि पद्धतियों और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का सशक्त उदाहरण सक्ती जिले के डभरा तहसील अंतर्गत ग्राम जवाली के किसान श्री रामकुमार पटेल ने प्रस्तुत किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद सूझबूझ, मेहनत और कृषि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन के बल पर उन्होंने खेती को लाभकारी बनाते हुए समृद्धि की नई राह तैयार की है।

लगभग ढाई हेक्टेयर कृषि भूमि के स्वामी श्री पटेल वर्ष 2024-25 तक ग्रीष्मकालीन धान की खेती करते थे। हालांकि, बढ़ती लागत और अपेक्षाकृत कम लाभ के कारण उन्हें संतोषजनक आय प्राप्त नहीं हो पा रही थी। ऐसे में वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग के अधिकारियों ने उन्हें फसल विविधीकरण अपनाने, विशेषकर सरसों की उन्नत खेती और कम लागत में अधिक उत्पादन देने वाली तकनीकों की जानकारी दी।

विभागीय मार्गदर्शन से प्रेरित होकर श्री पटेल ने धान की जगह सरसों की खेती अपनाने का निर्णय लिया। राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयल सीड्स योजना के अंतर्गत उन्हें 1.00 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए सरसों की उन्नत किस्म पीएम-32



उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही आवश्यक कृषि आदान सामग्री और समय-समय पर तकनीकी परामर्श भी दिया गया। उन्नत बीज, वैज्ञानिक पद्धतियों और सतत मार्गदर्शन का परिणाम यह रहा कि उन्हें सरसों की पीएम-32 किस्म से लगभग 12.45 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन प्राप्त हुआ। कुल 2.432 हेक्टेयर में उन्होंने 26.20 क्विंटल सरसों का उत्पादन किया।

श्री पटेल ने बीते दिनों प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कोटमी में 23 क्विंटल सरसों बीज 6200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से विक्रय किया, जिससे उन्हें कुल 1,42,600 रुपये की आय प्राप्त हुई। कम लागत में बेहतर लाभ ने न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि खेती के प्रति उनका विश्वास भी और सुदृढ़ हुआ है। श्री रामकुमार पटेल ने अपनी सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और कृषि विभाग को देते हुए आभार व्यक्त किया। उनकी इस उपलब्धि से प्रेरित होकर अब गांव के अन्य किसान भी फसल परिवर्तन, जल संरक्षण और सरसों जैसी लाभकारी फसलों की खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। स्वयं श्री पटेल भी किसानों को शासकीय योजनाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर और समृद्ध बनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# जहां कुशासन की बहार वहां कैसा सुशासन तिहार: कांग्रेस

■ **हीट स्ट्रोक व हीट वेव में तिहार के नाम पर अत्याचार- रूपेश दुबे**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 1 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने हीट स्ट्रोक व हीट वेव में छग सरकार की सुशासन रूपी नौटंकी पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज छग सुशासन नहीं कुशासन की चपेट में है ! राज्य में सरकार के संरक्षण से प्रशासन और अपराधियों की जुगलबंदी से महिला बच्चियों पर अत्याचार, अफीम की खेती, चाकूबाजी सहित सभी प्रकार के अपराध चरम पर है। संरक्षण की लंबी फेरहिस्त जैसे कलेक्ट्रेट के एन आई सी से आई डी हैक कर किए गए नामांतरण फर्जीवाड़ा में 26/9/2025 से थाना कोतवाली में दर्ज एफआई आर क्र 575/25 में आरोपियों को आज तक गिरफ्तारी नहीं की गई है आरोपी राजस्व न्यायालय में दर्ज अपराध की भूमि पर तहसीलदार के संरक्षण आपत्ति कर चोरी और सीना जोरी कर रहा है,महिला प्रशिक्षण भवन सहित किराए के अवैध भवनो में शराब दुकान और शहर में अवैध बार आबकारी विभाग चलवाकर भ्रष्टाचार का खुला खेल खेल रहे है, धान खरीदी में अवैध धान पकड़ने की वाहवाही लूटकर पकड़े गए धान वाहन को छोड़ने का काम, अवैध खनिज उत्खनन में वाहनों को जप्त/ राजसात ना करना, अवैध पैक्ड पानी के व्यवसाय को संरक्षण, डायग्नोस्टिक सेंटरों में अयोग्य टेक्निशियन मामले में चुप्पी, महिला बाल विकास में फर्जी नियुक्ति, सहकारिता में अवैध नियुक्तिकर्ता पर कोई कार्यवाही नहीं, छुरिया क्षेत्र में चना के निर्धारित रकबे से अधिक रकबा बीमा राशि का फर्जीवाड़ा, केला और चना फसल बीमा राशि हड़पने वालों को खुली छूट, न्यू बायो लुक कंपनी को सिंचाई जलाशय का अवैध पानी उपयोग पर अपराध दर्ज नहीं कराना जैसे गंभीर मामले है इन पर कोई कार्यवाही नहीं करना ही सुशासन है। दुबे ने अंत में कहा कि हिट स्ट्रोक व हिट वेव के अलर्ट जारी डाक्टरों की लगातार एडवाइजरी जारी के बाद हेलीकॉप्टर,इनोवा एसी कमरे वाले तिहार के नाम पर अपने कर्मचारियों पर भी अत्याचार कर रही है इन सबसे प्रमाणित है कि सुशासन की ÷सु÷ भी न छग में न ही जिले जिले में है ! फिर भी कुशासन में सुशासन रूपी फटा ढोल पीटने की नौटंकी करना हास्यास्पद है।

# नगर पालिका परिषद सामान्य सभा की बैठक में नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित न होने पर निंदा प्रस्ताव किया पारित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 1 मई।** नगर पालिका परिषद के कार्यालय भवन में अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में दो महत्वपूर्ण बैठकों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रथम चरण में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक पीआईसी की बैठक संपन्न हुई, तत्पश्चात अपराह्न 3:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक सामान्य सभा (परिषद) की बैठक आयोजित की गई। इन बैठकों में नगर के विकास, जन-सुविधाओं एवं जनहित से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

**राजनीतिक एवं सामाजिक प्रस्ताव:** बैठक में 131वें संविधान संशोधन विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023) के संसद में अद्यतन तक पारित न होने पर गहरी चिंता व्यक्त की परिषद द्वारा 131वें संविधान संशोधन विधेयक, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के रूप में जाना जाता है, के संसद में पारित नहीं होने पर कड़ा रुख अपनाते हुए बहुमत से 'निंदा प्रस्ताव' पारित किया गया।

बैठक का सर्वाधिक महत्वपूर्ण एजेंडा वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुतिकरण रहा। परिषद के समक्ष ?15 करोड़ का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया, जिसे समस्त सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृत किया। इस बजट में नगर के बुनियादी ढाँचे के सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता, पेयजल एवं जन-सुविधाओं के विस्तार पर विशेष बल दिया गया है।

**पेयजल एवं जल प्रबंधन:** नगर में सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निम्नलिखित निर्णय लिए गए:



15वें वित्त आयोग के अंतर्गत संत रविदास वार्ड (वार्ड क्र. 21) में ?152.25 लाख की अनुमानित लागत से आर.सी.सी. पानी टंकी निर्माण को वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। ग्रीष्म ऋतु में उत्पन्न होने वाली पेयजल संकट की स्थिति से निपटने हेतु ?70.00 लाख की विशेष कार्ययोजना जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) को प्रेषित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं पर्यावरण स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 एवं स्टार रेटिंग के अंतर्गत निर्धारित कार्यों के सम्पादन हेतु ?157.37 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। पटपर तालाब एवं अवेरेठी तालाब के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए प्राप्त न्यूनतम निविदा दरों को परिषद की स्वीकृति मिली। नगर व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं अधोसंरचना

नगर में साफ-सफाई, स्वास्थ्य एवं आवश्यक सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 151 कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु वार्षिक निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय परिसर में निर्मित ऑडिटोरियम के सुव्यवस्थित प्रबंधन एवं सामुदायिक उपयोग के संदर्भ में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

**नवीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी का स्वागत:** बैठक के दौरान समस्त पार्षदगण द्वारा नवीन पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी का हार्दिक स्वागत एवं परिचय कराया गया तथा परिषद के साथ सामंजस्यपूर्ण कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई। अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा का वक्तव्य बैठक की समाप्ति पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने उपस्थित पार्षदगण एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहाः नारी शक्ति वंदन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर परिषद का यह रुख समाज में समानता और सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है आज का बजट और लिए गए निर्णय भाटापारा को एक स्वच्छ, सुंदर और आत्मनिर्भर शहर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

# प्रगणकों एवं सुपरवाइज़रों ने घर-घर जाकर जनगणना एप से की मकानों की गणना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 मई ।** जिले में आज 1 मई से जनगणना 2027 के प्रथम चरण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस क्रम में राजनांदगांव तहसील के ग्राम धनगांव में प्रगणकों एवं सुपरवाइज़रों द्वारा घर-घर जाकर जनगणना ऐप के माध्यम से मकान गणना (हाउस लिस्टिंग) का कार्य किया गया। जनगणना टीम द्वारा प्रत्येक घर में पहुंचकर निर्धारित प्रपत्रों के अनुसार आवश्यक जानकारी एकत्र की गई। साथ ही ग्रामीणों को जनगणना की प्रक्रिया, उसके उद्देश्य एवं महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जनगणना देश की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार होती है, इसलिए सभी नागरिकों द्वारा सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करना आवश्यक है। ग्राम धनगांव में जनगणना कार्य शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से किया गया। जिला प्रशासन द्वारा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को पूर्व में ही आवश्यक प्रशिक्षण एवं दिशा-निर्देश दिए गए हैं तथा कार्य की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना टीम का सहयोग करें तथा सही जानकारी उपलब्ध कराकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### रमन सिंह,सांसद संतोष पाण्डे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने दी बुद्ध जयंती की बधाई

**राजनांदगांव 1 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद श्री संतोष पाण्डे एवं महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नागरिको को बुद्ध जयंती की शुभकामनाए दी है। उन्होने अपने बधाई संदेश में कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने सत्य,अहिंसा,दया,करूणा व साकाहार के मार्ग पर चलने की सीख दिये। उन्होंने भगवान गौतम बुद्ध के बताये मार्गो पर चल कर समाज की उन्नति के लिये कार्य करने तथा समाज के हर व्यक्ति के सुख समृद्धि व समाज के निर्धन बच्चों को शिक्षा देनें, समाज हित में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध समाज के अंतिम व्यक्ति की चिन्ता करने की सीख दिये तभी समाज उन्नति करेगा। उन्होंने बुद्ध जयंती एक जुट होकर उमंग व उल्लास के साथ मनाने की अपील की है। निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा,नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा,सुनील साहू,राजेश जैन रानू,श्रीमती बिना ध्रुव,शैंकी बग्गा,आलोक श्रोती,राजा माखीजा,श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा,श्रीमती केवरा विजय राय एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू,सहित अपील समिति के सदस्यों श्रीमती श्रुती लोकेश जैन,श्री संतोष कुमार साहू,श्रीमती मोहनी बाई एवं श्री सेवक राम उइके, वरिष्ठ सभापति श्रीमती खेमीन यादव, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल तथा पार्षदा ने नागरिकों को बुद्ध जयंती के प्रसंग पर अपनी शुभकामनाएं देते हुये उनके बताये मागों पर चलकर जयंती मनाने की अपील की है।

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ: जिला- दुर्ग तहसील-भिलाई-3 प.ह.न.-00004 भिलाई-3 ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD20252643030020055**

**ईश्तहार**

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम भिलाई-3 के वर्तमान भूमिस्वामी सरोज देवांगन पिता/पति-डोमन लाल देवांगन पता-नया बाजार चौक dundera के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 369/805 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मेघा पिता/पति-डोमन लाल देवांगन पता-मकान नं. 769, मेन रोड नया बाजार चौक, थाना उतई, जिला दुर्ग छ.ग. हर्ष कुमार देवांगन पिता/पति-डोमन लाल देवांगन पता-मकान नं. 769, मेन रोड नया बाजार चौंक, थाना उतई, जिला दुर्ग छ.ग., रागिनी देवांगन पिता/पति-डोमन लाल देवांगन पता-मकान नं. 769, मेन रोड नया बाजार चौंक, थाना उतई, जिला दुर्ग छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
भिलाई-3,
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

# उर्स सुव्यवस्थित संपन्न कराने वाले 200 पुलिसकर्मी किए गए सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 1 मई।** पुलिस अधीक्षक राजनंदगांव सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा पारीनाला दरगाह में दिनांक 21 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 तक आयोजित उर्स कार्यक्रम को शांति, सौहार्द एवं सुव्यवस्थित ढंग से सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाले 200 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समस्तअधिकारी-कर्मचारियों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, लगन एवं तत्परता के साथ करते हुए कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा तथा आमजन में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण स्थापित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदया ने सभी कर्मियों की सराहना करते हुए कहा– आपकी निष्ठा, त्याग एवं कर्तव्यपरायणता ही पुलिस विभाग की वास्तविक शक्ति है। आपने जिस समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है, वह समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने आगे कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, अनुशासन एवं सेवा भावना बनाए रखते हुए शांति व्यवस्था कायम रखना ही पुलिस की पहचान है, और आप सभी ने इस पहचान को और अधिक सशक्त किया है।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से ड्यूटी के दौरान आने वाली समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली गई तथा उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को भी संवेदनशीलता के साथ सुना गया। साथ ही, उनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपने बीच पुलिस अधीक्षक को पाकर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गौरवान्वित एवं भावुक दिखाई दिए। सम्मान प्राप्त कर उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो, पुलिस अधीक्षक के.पी. मरकाम एवं एंब्रोस कुजूर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित कर कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया जाता है, जिससे वे और अधिक उत्साह, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ समाज की सेवा कर सकें।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**प्रथम आमंत्रण**

दिनांक 29.04.2026

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 18.05.2026 तक है।

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO.14 Tender No. 189942 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं के अंतर्गत बलौदाबाजार में फायर स्टेशन हेतु भवन व गैरेज का निर्माण कार्य। | रू. 91.69 लाख |
| NIT NO.15 Tender No. 189945 | कसडोल अनुविभाग अंतर्गत गिरौधपुरीधाम के जैतखम्भ का साफ-सफाई, हाउस कीपिंग एवं टॉयलेट क्लीनिंग का कार्य (नॉन एस.ओ.आर. कार्य) | रू. 17.98 लाख |
| NIT NO.16 Tender No. 189944 | जिला धमतरी के चंदना से चंद्रपुर मार्ग के चंदना नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | रू. 58.18 लाख |
| NIT NO.17 Tender No. 189947 | जिला धमतरी के कुरूद अनुविभाग अंतर्गत दहदहा नाला में पुल निर्माण कार्य। | रू. 149.48 लाख |
| NIT NO.18 Tender No. 189949 | जिला गरियाबंद के राजिम में अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। | रू. 57.11 लाख |
| NIT NO.19 Tender No. 189951 | जिला गरियाबंद के अनुविभाग राजिम अंतर्गत विकासखंड फिंगेश्वर में स्थित शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | रू. 89.07 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। **(राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)**

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

जी-262700485/9

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र.2 (छ.ग.)**




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26